जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 214 प्रभात जालोर, मंगलवार, 11 नवम्बर, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# लाल किले के बाहर कार विस्फोट में 13 की मौत

## दिल्ली में हाई अलर्ट, जाँच एजेंसियों ने सर्च अभियान शुरु किया

- **पुलिस कमिश्नर के अनुसार, धीमी गति से चल रही गाड़ी लाल बत्ती पर रूकी, उसमें विस्फोट हुआ, जिसमें आस-पास की गाड़ियाँ, स्कूटर आदि चपेट में आ गये।**
- **ब्लास्ट आई-20 कार में हुआ, जिसमें कुछ लोग बैठे थे। ब्लास्ट कार में पीछे की तरफ हुआ, पर मौके पर कोई गड्ढा नहीं हुआ।**

नई दिल्ली, 10 नवंबर। दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार देर शाम करीब सात बजे एक कार में जोरदार धमाका हुआ। धमाके के साथ ही, वहां खड़ी कई कारों में आग लग गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई है, जबकि लगभग 24 लोग घायल बताए जा रहे हैं। एनआईए की टीम मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी गई है। धमाके के बाद दिल्ली-एनसीआर को अलर्ट पर रखा गया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने गृह मंत्रालय को घटना की पूरी जानकारी दी है। राजधानी में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

ब्लास्ट की लोकेशन के वीडियो और चश्मदीदों के बयानों के अनुसार, यह घटना लाल किले से लगभग 150 मीटर और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन (दिल्ली जंक्शन) से 500 मीटर से भी कम दूरी पर हुई। यह जगह चांदनी चौक रोड पर मौजूद जैन मंदिर के पास की बताई जा रही है।

ज्ञातव्य है कि लाल किला क्षेत्र दिल्ली के सबसे ज्यादा व्यस्त और घनी आबादी वाले इलाके में शामिल है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अनुसार, लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में विस्फोट की सूचना मिली, जिसके बाद आसपास खड़ी तीन से चार गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं और क्षतिग्रस्त हो गईं।

धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास की दुकानों के शीशे और दरवाजे-खिड़कियां टूट गये, जिससे लोगों में दहशत फैल गई।

दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने कहा, "आज शाम करीब 6.52 बजे एक धीमी गति से चल रही गाड़ी लाल बत्ती पर रुकी। उस गाड़ी में विस्फोट हुआ और विस्फोट की वजह से आस-पास की गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा। सभी एजेंसियां, एफएसएल, एनआईए, यहां हैं... घटना में कुछ लोगों की मौत हुई है और कुछ घायल हुए हैं। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। गृह मंत्री ने भी हमें बुलाया है और समय-समय पर उनके साथ जानकारी साझा की जा रही है।"

मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय भार्गव ने कहा, लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद मंगलवार को चांदनी चौक बाजार बंद रहेगा।

दिल्ली लालकिला कार धमाके में पुलिस को कुछ अहम लीड मिले हैं, जिनके आधार पर दिल्ली और आस-पास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दिल्ली पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों ने सर्च शुरू कर दी है।

दिल्ली धमाके से जुड़ी जो नई और अहम जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार ब्लास्ट आई-20 कार में हुआ, जिसमें कुछ और लोग भी सवार थे। ब्लास्ट कार में पीछे तरफ हुआ। ब्लास्ट के बाद मौके पर कोई गड्ढे नहीं हुए और न किसी घायल के शरीर में कीलें या तार चुभे हैं। स्पेशल सैल टीम फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ, जिस गाड़ी में ब्लास्ट हुआ, उसके टूटे पुर्जों से गाड़ी का नंबर तलाशने में जुटी है।

## चाँदी के आभूषणों से भरी 100 किलो की तिजोरी की चोरी

जयपुर, 10 नवंबर। बजाज नगर थाना शनिवार देर रात तीन अज्ञात नकाबपोश नकबजन एक ज्वेलर के घर से 100 किलो वजनी चांदी के आभूषण से भरी तिजोरी लेकर फरार हो गए। पीड़ित को मामले की जानकारी शुक्रवार सुबह मिली। इसके बाद पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ चोरी

- **तीन नकाबपोश तिजोरी को बाइक पर लेकर भागे।**

का मामला दर्ज कराया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बताया कि तीनों नकाबपोश बदमाश बाइक से आए और मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद के प्रथम तल पर रखी 100 किलो की तिजोरी को सीढ़ियों से घसीटते हुए नीचे लाए। आरोपियों ने घटना स्थल पर, ही तिजोरी का लॉक तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन असफल होने पर दो

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# बी.बी.सी. के सी.ई.ओ. व न्यूज़ डिविजन के मुखिया ने अचानक इस्तीफा दिया

## दोनों ने अपनी गलती स्वीकार की कि अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के वक्तव्यों को गलत ढंग से पेश किया था, बी.बी.सी. ने जनवरी 2021 में

-अंजन रॉय---
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 नवंबर। पीढ़ियों से भारतीयों के लिए निष्पक्ष खबरों का पर्याय रही बी.बी.सी. इन दिनों विवादों के घेरे में है और इस विवाद के केन्द्र में कोई और नहीं, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप हैं।

बी.बी.सी. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और समाचार प्रमुख, दोनों ने अचानक इस्तीफा दे दिया है। यह संस्था अब अचानक बिना किसी प्रमुख के है, जबकि संस्था के भविष्य से जुड़े कुछ अहम फैसले लिए जाने वाले हैं।

विवाद की जड़ एक संपादन की गलती है। यह गलती उस भाषण से जुड़ी है, जो डॉनल्ड ट्रंप ने 6 जनवरी 2021 को दिया था, जब अमेरिकी संसद भवन

- **उस समय ट्रंप के वक्तव्यों को इस तरह से काट-छांट करके पेश किया था बी.बी.सी. ने, जिससे लगा कि ट्रंप ने उत्पातियों को प्रोत्साहित किया था कि वे अमेरिकी सरकार के प्रशासनिक मुख्यालय, केपिटल हिल पर आक्रमण करके गैरवाजिब ढंग से निर्वाचित घोषित बाइडन को राष्ट्रपति न बनने दें।**
- **यह प्रस्तुतिकरण गलत और भ्रमित करने वाला था, बी.बी.सी. के तत्कालिक न्यूज़ एडवाइजर माइकल प्रेस्कॉट ने अपनी ऐसी रिपोर्ट बनाकर बी.बी.सी. प्रशासन को दी थी।**

"कैपिटल हिल" पर भीड़ ने हमला किया था। भीड़ का आरोप था कि उस साल का राष्ट्रपति चुनाव धांधलीपूर्ण था। तत्कालीन राष्ट्रपति ने तर्क दिया था कि जिस चुनाव में जो बाइडन विजेता घोषित हुए, वह सही नहीं था और जिससे उन्हें वास्तव में जीता हुआ जनादेश नहीं मिला।

उस दिन डॉनल्ड ट्रंप के भाषण को

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# सुप्रीम कोर्ट ने फलोदी की सड़क दुर्घटना का स्वमेव प्रसंज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किए

## नोटिस नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा सड़क यातायात मंत्रालय को जारी किया गया है और दो सप्ताह में जवाब मांगा है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 नवम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (नैशनल हाइवेज़ अथॉरिटी ऑफ इंडिया -एन.एच.ए.आई.) और सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वे हाल ही में राजस्थान के फलोदी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे पर विस्तृत जवाब दाखिल करें। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 10 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल थे।

न्यायमूर्ति जे. के. महेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने 2 नवम्बर की दुर्घटना के बाद स्वतः संज्ञान लेते हुये दोनों अधिकारियों को नोटिस जारी किये। पीठ ने इस घातक दुर्घटना के कारणों पर उनसे दो सप्ताह के अन्दर जवाब माँगा है। अदालत ने यह

- **दो नवंबर को एक टैम्पो ट्रैवलर, जो श्रद्धालुओं को कोलायत मंदिर में दर्शन कराकर लौट रही थी, एक ढाबे के पास खड़े ट्रेलर ट्रक में घुस गई थी तथा दुर्घटना में पंद्रह व्यक्तियों की जान गई थी।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने दोनों सरकारी विभागों से रिपोर्ट मांगी है कि वे यह बताएं कि यह दुर्घटना क्यों हुई तथा इस हाइवे पर कितने ढाबे चल रहे हैं तथा वाहनों की सुरक्षा के क्या प्रबंध हैं, सड़क का रखरखाव कैसा है, आदि-आदि।**

भी कहा है कि फलोदी से गुजरने वाले राजमार्ग के सन्दर्भित हिस्से का विस्तृत सर्वे किया जाए और एक रिपोर्ट दाखिल की जाए, जिसमें मार्ग के किनारे चल रहे ढाबों या खाने-पीने की दुकानों की संख्या का उल्लेख हो।

यह हादसा भरतमाला राजमार्ग पर मातोड़ा गांव के पास हुआ था, जब एक टेंपो ट्रैवलर, जिसमें बीकानेर के कोलायत मंदिर से जोधपुर लौट रहे श्रद्धालु सवार थे, खड़े ट्रेलर ट्रक से टकरा गया। इस टक्कर में 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने इस घटना पर स्वतः संज्ञान लेकर राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा, रखरखाव के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## दिल्ली विस्फोट के कार मालिक की पहचान हुई

नयी दिल्ली, 10 नवंबर। दिल्ली पुलिस को कार के पंजीकृत मालिक की पहचान के साथ एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

सूत्रों के मुताबिक वाहन नदीम खान नाम के व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है। इस महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। दिल्ली पुलिस हरियाणा पुलिस के संपर्क में है और स्पेशल सेल

- **वाहन हरियाणा के नदीम खान के नाम से पंजीकृत है। पुलिस उसकी तलाश में हरियाणा रवाना हो गई।**

की एक टीम इस सुराग का पता लगाने के लिए हरियाणा रवाना हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच संदिग्धों को पकड़ने के लिए दिल्ली और एनसीआर में कई जगहों पर एक साथ छापेमारी कर रही हैं। कई टीमों को इस काम में लगाया गया है।

घटनाक्रम को जोड़ने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, जाँचकर्ता सभी उपलब्ध कैमरों की वीडियो

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# दो कश्मीरी डॉक्टरों के फरीदाबाद मकान से 350 किलो विस्फोटक बरामद

## महिला डॉक्टर फरीदाबाद के अल-फलाह स्कूल ऑफ मैडिकल साइंस में कार्यरत डॉ. शकील के साथ काम कर रही थी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 नवंबर। दो कश्मीरी डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद हरियाणा के फरीदाबाद में एक घर से करीब 350 किलो विस्फोटक सामग्री (संभावित रूप से अमोनियम नाइट्रेट), हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अदील अहमद राथर और मुज़म्मिल गनई के रूप में हुई है।

यह भारी मात्रा में बरामद किया गया यह विस्फोटक और हथियार फरीदाबाद के एक किराए के मकान से मिले। इनमें एक कश्मीरी महिला डॉक्टर भी संदिग्ध पाई गई है। जांच में पाया गया कि एक कार, जिसमें असॉल्ट राइफल, पिस्तौल और गोला-बारूद रखा गया था, फरीदाबाद के एक अस्पताल में कार्यरत महिला डॉक्टर की है जो डॉक्टर मुजम्मिल शकील के साथ काम करती थी।

फरीदाबाद के कोड एच.आर. 51 से शुरू होने वाली मारुति सुज़ुकी

- **डॉ. शकील कैम्पस में रहते थे, किन्तु उन्होंने बाहर भी एक कमरा ले रखा था।**
- **पुलिस के अनुसार, शकील के पास यह साढ़े तीन सौ किलो विस्फोटक 2 सप्ताह पहले पहुँचा था। पुलिस का मानना है कि शकील आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखता है।**

स्विफ्ट कार की तलाशी पुलिस ने शकील से पूछताछ के बाद ली। उसकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने लगभग 350 किलो विस्फोटक सामग्री (संभावित रूप से अमोनियम नाइट्रेट), 20 टाइमर और अन्य संदिग्ध वस्तुएं बरामद कीं। यह बरामदगी एक किराए के कमरे से की गई।

पुलिस के अनुसार, मुजम्मिल शकील पिछले तीन वर्षों से फरीदाबाद के अल-फलाह स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ डॉक्टर के रूप में कार्यरत था। वह कॉलेज परिसर में रहता था, लेकिन धोज गांव में एक कमरा किराए पर लिया हुआ था।

उसे करीब दस दिन पहले गिरफ्तार किया गया था जब पुलिस को उसकी संदिग्ध गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी मिली। पूछताछ में उसने पुलिस को किराए के कमरे और अपनी महिला सहयोगी की कार के बारे में बताया।

उसके कमरे पर छापे के दौरान 8 बड़े और 4 छोटे सूटकेस मिले, जिनमें विस्फोटक पदार्थ भरे हुए थे, जो संभवतः अमोनियम नाइट्रेट था। जम्मू-कश्मीर पुलिस और हरियाणा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कार से ए.के.-74 असॉल्ट राइफल, मैगज़ीन, 83 जिंदा कारतूस, एक पिस्तौल, 8 जिंदा गोलियां, 2 खाली कारतूस और 2 अतिरिक्त मैगज़ीन भी बरामद की गईं। अब महिला डॉक्टर से पूछताछ की जा रही है ताकि उसकी भूमिका स्पष्ट हो सके।

पुलिस का कहना है कि 350 किलो विस्फोटक सामग्री शकील को लगभग दो हफ्ते पहले मिली थी। संदेह है कि उसका संबंध आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से हो सकता है, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रीय राजधानी के इतना करीब इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक क्यों इकट्ठे किए गए। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक दिल्ली के आसपास तक बिना किसी निगरानी के कैसे पहुंच गया।

सूत्रों के अनुसार, यह मामला 27 अक्टूबर से जुड़ा है, जब श्रीनगर में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाए गए थे। स्थानीय पुलिस की जांच में सीसीटीवी फुटेज से

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## राजस्थान में अत्यधिक सतर्कता के निर्देश

जयपुर। दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए विस्फोट की सूचना के मद्देनजर राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने सभी डीसीपी और एसपी को निर्देश दिए हैं कि वे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शॉपिंग मॉल, धार्मिक स्थलों आदि जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अत्यधिक सतर्कता

- **18-अलर्ट---**
- **पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने अधिकतम पुलिस बल सड़कों पर तैनात करने के लिए कहा।**

बनाए रखें।

उन्होंने अधीनस्थ समस्त पुलिस अधिकारियों को कहा है कि अधिकतम पुलिस बल को सड़कों पर तैनात करें तथा अपने बीडीएस दलों को भी सतर्क रखें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी पुलिस अधीक्षक,उपायुक्त स्वयं निगरानी रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# नीतीश के बिहार चुनाव में सैंट्रल फिगर के रूप में उभरने से एनडीए मजबूत स्थिति में आई

## द्वितीय चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर यह भी साफ नज़र आया कि एनडीए, विशेषकर भाजपा का चुनाव अभियान फोकस्ड था, जबकि महागठबंधन की रणनीति बिखरी-बिखरी सी रही

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 नवम्बर। बिहार चुनाव में नीतीश कुमार का फिर से प्रमुख चेहरा बनकर उभरना, एनडीए के लिए फायदेमंद साबित हुआ है। मंगलवार को होने वाले दूसरे और अंतिम चरण के मतदान में 20 जिलों की 122 सीटों पर वोट डाले जाएंगे, जिनमें सीमांचल क्षेत्र भी शामिल है, जहां घनी मुस्लिम आबादी है।

लेकिन एनडीए के सामने चुनौतियाँ भी हैं। सत्तारुढ़ गठबन्धन के लिये 2020 की स्थिति को बनाए रखना या और भी बेहतर करना आसान नहीं है। 2020 में एनडीए ने इस क्षेत्र में 70 सीटें जीती थीं, जबकि महागठबंधन को 50 सीटें मिली थीं। लेकिन कुछ कारक एनडीए के पक्ष में काम कर रहे हैं, जैसे भाजपा का अंतिम समय पर दिया गया यह बयान कि जीत की स्थिति में नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इसके अलावा, महागठबंधन के पार्टनर मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी के कमजोर प्रचार ने भाजपा को निषाद वोट बैंक में सेंध लगाने का मौका दे दिया है। साथ ही, चुनाव के आखिरी दौर में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जेएसपी) के प्रभाव में आई गिरावट ने भी एनडीए का मनोबल बढ़ाया है।

भाजपा ने अपना प्रचार अपने पारंपरिक एवं विशिष्ट अंदाज़ में किया है, इण्डिया ब्लॉक पर "घुसपैठियों का गलियारा" बनाने की कोशिश का आरोप लगाते हुए, विपक्ष को "कट्टा ब्रिगेड" करार दिया है और जनता को "जंगल राज की वापसी" की चेतावनी दी है।

- **कांग्रेस की ओर से प्रियंका और राहुल "वोट चोरी" के मुद्दे पर ही अटक गये, जबकि भाजपा ने द्वितीय चरण में, विशेषकर सीमांचल में, जहाँ काफी भारी सख्या में मुसलमान हैं, सुसंगठित तरीके से प्रचार किया कि महागठबंधन आतंकवादियों के अतिक्रमणों के लिए सुरक्षित गली (कॉरीडोर) बनाना चाहता है।**
- **साथ ही यह भी जोरों से प्रचारित किया और चेताया गया कि आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन की कट्टा ब्रिगेड पुनः जंगल राज स्थापित करना चाहती है बिहार में।**
- **केवल तेजस्वी पर भार पड़ा, चुनाव प्रचार में लोकल मुद्दों व स्थानीय परेशानियों पर फोकस लाने का।**
- **गत चुनाव में द्वितीय चरण में 120 सीटों में से सत्तर भाजपा ने जीती थीं, बाकी महागठबंधन की झोली में आई थीं। इस बार एनडीए पिछली बार का रिकॉर्ड तो नहीं दोहरा पाएगा, पर उसका पलड़ा आरजेडी से भारी ही रहेगा।**

वहीं दूसरी ओर, महागठबंधन का प्रचार कुछ बिखरा हुआ नज़र आया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी "वोट चोरी" के मुद्दे पर ही अटके रहे, जिससे आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर स्थानीय मुद्दों पर चुनाव अभियान चलाने की पूरी जिम्मेदारी आ पड़ी। तेजस्वी ने यह कहते हुए हमला बोला कि नीतीश कुमार केन्द्र के हाथों की कठपुतली हैं। साथ ही, तेजस्वी ने उद्योग, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया। लेकिन राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह कोशिश अब बहुत देर से की जा रही है। एक वरिष्ठ बिहार पर्यवेक्षक ने कहा, महागठबंधन अपना प्रचार और ज़्यादा केन्द्रित, एकजुट और धारदार तरीके से चला सकता था।

एनडीए की ओर से इस चरण में, भाजपा 53 सीटों पर, जदयू 44 सीटों पर, एलजेपी (रामविलास) 15 पर, आरएलडी 4 पर और हम 6 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दूसरी ओर, महागठबंधन में आरजेडी 72 सीटों पर, कांग्रेस 37 पर, वीआईपी 10 पर और अन्य सहयोगी दल 4 सीटों पर चुनाव मैदान में हैं।

## दिल्ली विस्फोट की हर एंगल से जांच होगी-अमित शाह

नयी दिल्ली, 10 नवंबर। दिल्ली में लाल किले के सामने सोमवार शाम हुए विस्फोट के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि घटना की हर एंगल से जांच की जायेगी।

शाह ने विस्फोट पर सरकार की तरफ से दिए पहले बयान में कहा, "हम सभी संभावनाओं को तलाश रहे हैं और

- **उन्होंने आस-पास के सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच के आदेश दिये।**

सभी संभावनाओं को ध्यान में रखकर इसकी गहन जांच की जायेगी। सभी विकल्पों की तुरंत जांच करके जांच के नतीजे जनता के सामने रखेंगे।"

उन्होंने कहा कि विस्फोट एक आई20 कार में हुआ। प्राथमिक सूचना के अनुसार, कुछ लोग हताहत भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि 10 मिनट के अंदर स्पेशल सैल की एक टीम मौके पर पहुंच गयी। एनएसजी और एनआईए की टीम

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

CMYK

## विचार बिन्दु

मूर्ख आदमी अपने बड़े से बड़े दोष अनदेखा करता है,
किन्तु दूसरे के छोटे से छोटे दोष को देखता है। –संस्कृत सूक्ति

# पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभरता देश वियतनाम

गत तीन दिन से हम वियतनाम में हैं। गत चार-पांच सालों में भारत से वियतनाम जाने वाले पर्यटकों की संख्या में आशातीत वृद्धि हुई है। यहां 2019-20 में भारत से लगभग 1 लाख पर्यटक आए थे जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर पांच लाख से अधिक हो गई । जिस गति से वियतनाम के पर्यटन की तेजी से वृद्धि हुई है, यह जानने की उत्सुकता उत्पन्न हुई कि ऐसा क्या कारण है जो भारतीय पर्यटकों को वियतनाम की ओर इतना आकर्षित कर रहा है? पहले मैने सोचा था कि वियतनाम की यात्रा पूरी होने के बाद में विस्तार से वियतनाम के पर्यटन स्थलों के बारे में लिखूंगा लेकिन प्रारंभ के दो दिन के अनुभव पाठकों के साथ साझा करना मुझे उपयुक्त लगा।

इसके पहले कि हम वियतनाम के पर्यटन के बारे में चर्चा करें, यह उपयुक्त होगा कि पाठकों को वियतनाम से परिचित कराया जाए। वियतनाम भारत के दक्षिण पूर्व का छोटा सा देश है जिसकी कुल आबादी लगभग 10 करोड़ है। वियतनाम पर लगभग 1000 वर्षों तक चीन का शासन रहा। यहां पर दक्षिण वियतनाम में पूंजीवादी व्यवस्था थी और उत्तर वियतनाम में कम्युनिस्टों का शासन था। अमेरिका ने 1954 में दक्षिण वियतनाम पर आधिपत्य जमाया और उत्तरी वियतनाम के साथ युद्ध छेड़ दिया। वियतनाम ने अमेरिका के साथ 20 सालों तक लगातार युद्ध किया और अमेरिका द्वारा पूरी ताकत के बावजूद उसे 1975 में हार स्वीकार कर, वियतनाम से लौटना पड़ा। 20 वर्ष की अवधि में अमेरिका ने लगभग 57000 सैनिकों को खोया, वहीं वियतनाम के लगभग 20 लाख सैनिकों और असैनिक लोगों की मृत्यु हुई। कहा जाता है कि आज भी उत्तरी वियतनाम के अलग-अलग स्थानों पर अमेरिका द्वारा डाले गए बम मिल जाते हैं। कई बार उनके अचानक फटने से लोगों की मृत्यु हो जाती है। युद्ध की समाप्ति के बाद भी अब तक लगभग 1000 लोग इस प्रकार से अचानक अमरीकी बम फटने से मौत का शिकार हो चुके हैं।

1986 तक वियतनाम, विश्व से अलग-थलग पड़ने के कारण बहुत गरीबी से जूझता रहा। यहां की जनता को परिवार के सदस्यों की संख्या के आधार पर राशन का वितरण किया जाता था। 1991 में वियतनाम ने चीन के साथ और 1994 में अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंध स्थापित किए। सन् 2000 से वियतनाम के संबंध दुनिया के सभी देशों से स्थापित हो गए। इसके बाद ही यहां की प्रगति का रास्ता प्रारंभ हुआ। कुछ प्रतिभाशाली वियतनामियों ने अमेरिका और रूस जाकर अध्ययन किया वहां से लौट कर उन्होंने औद्योगिक प्रगति को गति दी।

वर्तमान में वियतनाम में शासन कम्युनिस्ट पार्टी का है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के होते हुए भी सबसे शक्तिशाली व्यक्ति कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव है।यहां चुनाव होते अवश्य हैं, लेकिन सभी उम्मीदवार कम्युनिस्ट पार्टी के ही होते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तब तक ही है जब तक आप सरकार की आलोचना न करें। व्यापार करने की स्वतंत्रता है और अब निजी संपत्ति बनाई जा सकती है। स्वाभिमान वियतनाम के लोगों की पहचान बन चुका है। इन्होंने गत कुछ सालों से अपने पर्यटन व्यवसाय को बढ़ाने पर बहुत अधिक ध्यान दिया है जिसमें यहां के नागरिकों का पूरा योगदान है।

वियतनाम की मुद्रा का नाम 'वी एन डी' या डोंग है। एक अमेरिकी डॉलर में लगभग 25000 डॉन्ग होते हैं एवं एक भारतीय रुपया लगभग 300 डॉन्ग के बराबर है। भारत से जाने वाले लोगों के लिए किसी भी प्रकार का सामान खरीदने के लिए हजारों-लाखों डॉन्ग की कीमत उनके लिये आश्चर्य जनक है। यहां का नारियल पानी अत्यंत ही मीठा है। एक नारियल की कीमत 35000 डॉन्ग अर्थात लगभग 120 होती है।

यह वियतनाम की सरकार और यहां के लोगों की उद्यमशीलता का ही प्रमाण है कि भारत का वस्त्र व्यवसाय जो विश्व में नंबर एक पर था उसे अब वियतनाम ने पीछे छोड़ दिया है। हालत यह है कि यदि आप अमेरिका में कोई कपड़ा खरीदें तो उस पर 'मेड इन वियतनाम' का लेबल हो सकता है।

इतने लंबे युद्ध के बावजूद वियतनाम के लोगों ने हिम्मत नहीं हारी और देश का का पुनर्विकास प्रारंभ हुआ। उत्तर और दक्षिणी वियतनाम का एकीकरण 1976 में किया गया। वियतनाम प्रारंभ से चीन और रूस के प्रभाव में रहा है। इसका असर आज भी देखने को मिलता है। वियतनाम में चुनाव होते अवश्य हैं किंतु एक ही पार्टी का शासन है और जो उम्मीदवार होते हैं वे भी उसी पार्टी के अलग-अलग धड़ों से हो सकते हैं।

**यहां के लोग ट्रैफिक के नियमों की पालना सदा करते हैं। अमेरिका के साथ लंबे युद्ध का ही परिणाम है कि उनमें अनुशासन की भावना कूट-कूट कर भरी है। किसी भी व्यक्ति को हमने ट्रैफिक लाइट का उल्लंघन करते हुए नहीं देखा। शायद इसी कारण, 90 लाख के शहर में ट्रैफिक जाम हमें कभी दिखाई नहीं दिया। वियतनाम जैसे छोटे देश से भी हम यह सीख सकते हैं कि कैसे पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार करके तथा सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाकर पर्यटन को तेजी से बढ़ा सकते हैं।**

कुछ प्रमुख बातें जो वियतनाम के पर्यटन के बारे में पिछले दो-तीन दिनों में देखी, वे इस प्रकार हैं। वियतनाम की राजधानी हनोई को दो पहिया वाहनों का शहर कहा जा सकता है। यहां कारों की तुलना में मोटरसाइकिल / स्कूटरों की संख्या लगभग 10 गुना होगी। शहर में कहीं भी चले जाएं, हर तरफ आपको मोटरसाइकिल और स्कूटर चलाने वाले दिखाई देते हैं। शत प्रतिशत लोग हेलमेट लगाते हैं, चाहे वह पीछे बैठा बच्चा हो या कोई वृद्ध व्यक्ति।

यहां के लोग ट्रैफिक के नियमों की पालना सदा करते हैं। अमेरिका के साथ लंबे युद्ध का ही परिणाम है कि उनमें अनुशासन की भावना कूट-कूट कर भरी है। किसी भी व्यक्ति को हमने ट्रैफिक लाइट का उल्लंघन करते हुए नहीं देखा। शायद इसी कारण, 90 लाख के शहर में ट्रैफिक जाम हमें कभी दिखाई नहीं दिया।

हनोई की एक विशेषता यह लगी कि यहां पर सड़कों पर एवं हर कार्यस्थल पर पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक हैं। वियतनाम के लोग बहुत ही मेहनती हैं और देश के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। यहां के लोगों का व्यवहार बहुत मित्रवत अनुभव हुआ। भारतीय यहां स्वयं को अधिक सहज अनुभव करते हैं। हालांकि स्थानीय भाषा वियतनामी है, जो बिल्कुल अलग तरह की है किंतु भारतीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण कारण पर्यटन से जुड़े कुछ स्थानीय लोगों ने कुछ हिंदी के शब्द अवश्य सीख लिए हैं जैसे चलो चलो, नमस्ते, ले लो आदि। वियतनामी लोगों को हिंदी के कुछ शब्द बोलते हुए देखकर अच्छी अनुभूति होती है। हनोई से 100 किलोमीटर दूर निन बिन शहर के पास 'टैम कोक' नदी में नौका विहार किया। यह एक अविस्मरणीय अनुभव था। नावें पहाड़ों के नीचे और बीच से होते हुए चलती हैं। इस नदी पर इस गतिविधि में लगभग 500 नावें होगी, किंतु कोई आपाधापी नहीं देखी गई एवं किसी प्रकार का मोल भाव नहीं देखा गया।

भारत में जो पर्यटक आते हैं उनके साथ कई बार एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन बस स्टैंड और पर्यटन स्थलों पर दुर्व्यवहार की घटनाएं होती हैं। पर्यटकों को लूटने की मनोवृत्ति दिखाई देती है जिससे पर्यटन तो प्रभावित होता ही है, देश की छवि पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।

प्रभावी नियमन व्यवस्था के कारण सब काम बिल्कुल सरलता से कुछ मिनट में हो जाता है। दरें तय हैं और नंबर से पर्यटकों को नावें आवंटित हो जाती हैं। एक नाव में दो-तीन व्यक्ति बैठ सकते हैं। नाव में बैठने से पहले हर व्यक्ति को 'लाइफ जैकेट' पहनना अनिवार्य होता है। भारत में एक से एक सुंदर स्थान हैं, किंतु मूलभूत सुरक्षा की व्यवस्था न किए जाने के कारण एवं पर्यटन विभाग द्वारा उनका सही रूप से नियमन नहीं किए जाने के कारण पर्यटक कई बार अपने आप को असहाय और ठगा सा अनुभव करता है। भारत में पर्यटन क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को वियतनाम जैसे छोटे देश से यह सीख तो लेनी ही चाहिए। इस गांव के लगभग हर परिवार का व्यक्ति नाविक के रूप में कार्य करता है और पर्यटकों को नदी में नाव पर घुमाना उनके लिए अपनी जीविका का एकमात्र आधार है।

हमें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि नाव चलाने वालों में 75 वर्ष तक की महिलाएं भी थीं। सारी नावें चप्पू से चलने वाली थीं। आश्चर्यजनक तो यह था कि सभी लोग हाथों के स्थान पर पांवों से चप्पू चला रहे थे। आप केवल कल्पना ही कर सकते हैं कि चप्पू से डेढ़ घंटा एक ट्रिप में नाव चलाने पर कितनी दक्षता और परिश्रम से काम करना पड़ता होगा। चार-पांच ट्रिप के लिए एक नाव चलाने वाले को लगभग 6 घंटे पांवों से चप्पू चलाना पड़ता है। यहां का साइकिल रिक्शा जयपुर के साइकिल रिक्शा की तरह है। अंतर केवल यह कि यहां रिक्शा चलाने वाला पीछे बैठता है और उसके आगे सीट पर यात्री बैठते हैं। हमने रिक्शा की सवारी भी आनंद लिया।


हनोई शहर में ट्रेन स्ट्रीट के नाम से स्थान है जहां रेल की पटरी के दोनों पर तरफ कई प्रकार की छोटी-छोटी दुकानें बनी हुई हैं, जहां पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था की जाती है। ट्रेन उनके बिल्कुल पास से होकर गुजरती है जो अलग ही अनुभव है। जैसे ही ट्रेन आने वाली होती है लोगों को थोड़ा पीछे धकेल दिया जाता है ताकि वे ट्रेन की चपेट में न जाएं। यह अपने आप में अलग अनुभव था कि कैसे एक छोटे भीड़भाड़ वाली जगह को महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल में बदला जा सकता है।

निर्धन होने के बावजूद सड़कों की सफाई, जयपुर से बहुत अच्छी थी तथा हर जगह खुदी हुई नहीं थीं।

वियतनाम जैसे छोटे देश से भी हम यह सीख सकते हैं कि कैसे पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार करके तथा सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाकर पर्यटन को तेजी से बढ़ा सकते हैं। बस, केवल सीखने की इच्छा होनी चाहिए। क्या यह इच्छा शक्ति कभी पनपेगी?

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत,**
**हनोई, वियतनाम से,**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# क्या इस नाम से परिचित थे आप – फ़ायटोनुट्रिएंट्स?



प्रो. वीर बहादुर सिंह

आहार या कहें भोजन तो हम सदैव सदिओं से करते आ रहे हैं, लेकिन आहार के अंदर मौजूद अवयवों की जानकारी शनै: शनै: ही प्राप्त हुई वैज्ञानिक शोधों और अन्वेषणों के उपरान्त। पूर्व के दो अथवा तीन लेखों में मैं आहार के प्रमुख अवयवों और सूक्ष्म अवयवों के बारे में जानकारी इसी अखवार के माध्यम से दे चुका हूँ

तो अब बारी है आहार के ऐसे तत्वों के बारे में जो हमें आहार में दिखते तो हैं लेकिन उनके नामकरण कब हुए और उन नामों की व्यापकता हमारे आम व्यवहार व् बोलचाल में क्यों परिलक्षित नहीं हुई? इसका सबसे नजदीकी कारण तो संभवत: आहार में उन्हें लेते समय उनकी सापेक्ष निम्नतम मात्रा ही रहा है। दूसरा कारण हो सकता है कि शरीर के स्वास्थ्य में इनसे कोई पोषण नहीं मिलता। न तो इनसे ऊर्जा मिलती है और न मांस पेशिओं व् हड्डीओं के निर्माण और रखरखाव में इनका कोई योगदान होता है। इसलिए ऐसे तत्वों को गौण कहें तो अधिक उपयुक्त होगा। ऐसे सभी तत्व खाध में स्वाद, गंध और रंग प्रदान करते हैं। प्रकृति ने ये गुण अथवा विशेषताएं इन वनस्पतिओं को दो कारणों से प्रदान की हुई प्रतीत होती हैं। प्रथम इन्हें आकर्षण प्रदान करना ताकि प्राणी इनके उपयोग करने को आतुर हों और दूसरा कारण वनस्पति की वातावरण प्रकोपों से सुरक्षा।

अनेक वानस्पतिक रोगों के जीवाणु वातावरण में मौजूद रहते हैं और वे इन विशेषताओं के कारण वनस्पति को हानि नहीं पहुंचा पाते। रंग किसी के लिए आकर्षण होता है वहीँ कुछ अन्य के लिए विकर्षित –दूर रखना। इसी प्रकार स्वाद भी अनेक जीवों को रुचिकर नहीं लगता फलस्वरूप वे ऐसी वनस्पतिओं, पत्तों, फूलों-फलों से दूर ही रहते हैं और उस वनस्पति की इस तरह रक्षा हो जाती है, यही बात गंध पर भी लागू होती है। सभी को सभी गंधें सहज नहीं लगती इसलिए कीट आदि इन्हें नुक्सान नहीं पहुंचाते। इस प्रकार वनस्पतियां फलती-फूलती रहती हैं।

दूसरी तरफ वनस्पतिओं की यही विशेषताएं प्राणीओं को भी आकर्षित करती हैं जहाँ उपभोग के लिए आकर्षण पैदा कर मानव शरीर में अन्य पोषक तत्वों से अलग ही कार्य सम्पादित करते हैं। ये कार्य हैं शरीर में रक्त में मिलने के पश्चात् ऑक्सीडेशन से उत्पन्न विषैले पदार्थों को उत्सर्जित अथवा किसी भी प्रकार से बाहर कर देना ताकि शरीर उनके दुष्प्रभाव से सुरक्षित रह सके।

विचार करिये शरीर में अनेक और विविध चयापचय कियाएं होती रहती हैं जिनके कारण विषैले अथवा शरीर को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ सतत बनते रहते हैं यदि ये पदार्थ बिना निकले शरीर में ही एकत्रित होते रहें तो शरीर निरोगी नहीं रह सकता। इनके अलावा त्वचा के स्वास्थ्य और उसकी मोहकता बनाये रखने में भी ये फ़ायटो नूट्रिएंट्स मदद करते हैं।

उपरोक्त प्राथमिक भूमिका के पश्चात् अब खाध में उपस्थित विभिन्न फायटो नुट्रिएंट्स को पाठकों को बताते हैं। अखवार में स्थान अभाव की सीमा को देखते हुए मैं केवल संक्षेप में महत्वपूर्ण फायटो नुट्रिएंट्स का ही वर्णन करूँगा। मुख्य फायोनुट्रिएंट्स इस प्रकार हैं– कैरोटेनॉयड्स, अन्थोसायनायड, कैपसेसिन, करक्यूमिन, एलॉजिक एसिड, फ्लवोनोइड्स, ग्लूकोसायनोलेट व फायटोएस्टेरोजेन्स आदि। ये सभी नुट्रिएंट्स पौधों से ही प्राप्त होते हैं और सभी सूजनरोधी होकर शरीर में प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। ये हृदय सम्बन्धी नलिकाओं के स्वास्थ्य तथा कॉग्निटिव कार्यों की देखरेख और कैंसर रोकथाम में सहायक होते हैं। कैरोटेनॉयड्स में बीटा कैरोटीन, लुटेइन, जेएक्सेंथिन और लिकोपेन सम्मिलित हैं। बीटा कैरोटीन गाजर और विभिन्न फलों से मिलती है तथा स्वतंत्र रेडिकल्स को प्रभावहीन करती है। लुटेइन और जेएक्सेंथिन, पालक, मक्का, अंडे और साइट्रस अथवा नीबू प्रजाति के फलों से मिलता है। शरीर में कोषीय रक्षा और स्वस्थ दृष्टि व् मोतियबिंद रोकथाम में कारगर है। लाइकोपेन का श्रेष्ठ स्त्रोत टमाटर है जो पौरष ग्रंथि को स्वस्थ रखने में सहायक है। एन्थोसायनिन सब्जिओं और फलों को नीला रंग देते हैं और शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। इनके स्त्रोत जामुन, अंगूर, सेव, पत्तागोभी और चेरी हैं। फ्लवोनोइड्स पौधों में उपस्थित वे योगिक हैं जो चाय, चॉकलेट, प्याज, पत्तेदार सब्जियां, सोया उत्पाद, फल और कुछ अन्य सब्जिओं में मिलते हैं। ये शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट और सूजन रोधी होते हैं। इनके स्त्रोत नीबू, नारंगी, काला जामुन। नीला जामुन और क्रैनबेरी में मिलते हैं।

फेनोल्स में कैफीक एसिड, फ्रोलिक एसिड आते हैं, इनके स्त्रोत सेव, नाशपाती, नीबू प्रजाति के फल, मीठी मक्का और कुछ सब्जियां हैं। ये सभी कोशकीय रक्षा को सुद्रण कर, हृदय और दृष्टि को स्वस्थ् रखते हैं। ग्लूकोसीनोलेट में आयसो थीओसायनेट और सुल्फोराफाने आते हैं जो बंद गोभी, पत्ता गोभी, ब्रोकली, मूली और अंकुरित बीजों में मिलता है। ये सशक्त कैंसर रोधी और कोशकीय सुरक्षा में हितकारी है।

फाइ –टोस्टेरॉल्स – स्टेनोल और स्टेरोल ग्रुप में आते हैं जो मक्का, सोया, वानस्पतिक तेल में मिलते हैं। ये हृदय सम्बन्धी रुकावट, को दूर कर एल डी एल को घटा देते हैं और मस्तिष्क व् दृष्टि सम्बन्धी दोषों और वृद्धावस्था में जनित अल्ज़हाइमर बीमारी को रोकते हैं। फाय-टोएस्ट्रोजन्स– इसोफ्लाविन होते हैं और सोयाबीन में प्रचुरता से पाए जाते हैं। स्वस्थ हड्डियां और मस्तिष्क व् प्रतिरोधक कार्य व् महिलाओं में मासिक सम्बन्धी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। ऑर्गनॉसल्फर– इसमें सल्फाइड और थिऑल आते हैं जो लहसुन, प्याज आदि में मिलते हैं और विषाक्तता को दूर कर हृदय और इम्यून हेल्थ को बल देते है। इस प्रकार हम देखते हैं कि इन ऊर्जा विहीन फायटोनुट्रिएंट्स का खाध पदार्थों में अलग बृहत संसार है और स्वस्थ शरीर के लिए अनेक योगदान करते हैं। ये पदार्थ किसी भी प्रकार से मुख्य तत्वों से कामोत्तर नहीं हैं। अभी बस इतना ही।

पाठक यदि लेख को अपने लिए लाभकारी मानते हैं तो सदैव हरी, लाल, पीली, नीली, जमुनी, बैगनी रंग की सब्जियां और फलों का चयन कर खाएं और इनमे मौजूद फायटो नुट्रिएंट्स का अपने स्वास्थ्य के लिए लाभ उठायें।

**–प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**खाद्य विज्ञ, पूर्व कुलपति व् अधिष्ठाता, डेरी व् खाद्य विज्ञानं, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर**

# कैसे बचेगा राज्य वृक्ष "खेजड़ी"



राजेन्द्र जोशी

राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर और फलोदी जिलो में बनने वाले सोलर हब से ईकोसिस्टम तबाह हो रहा है।

वृक्षों की अंधाधुंध कटाई ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। राज्य वृक्ष खेजड़ी, जो राजस्थान की जीवन-रेखा भी कही जाती है।

रेगिस्तान में सूरज बाबा मेहरबान होने के कारण बीकानेर को सोलर हब बनाने की ताबडतोड लगी है। राजस्थान में भी अन्य प्रदेशों की तरह 70 साल पुराने कानून में परिवर्तन होता रहा है। राजस्थान में पेड़ों की सुरक्षा के लिए 1955 के टेनेंसी एक्ट मजाक बना हुआ है।

इसमें परिवर्तन करने का प्रयास किसी भी सरकार ने नहीं किया। इस कानून के तहत पेड़ काटने का भय किसी कंपनी को है ना किसी व्यक्ति को डर।

सोलर लगाने के लिए एक ही रात में हजारों-हजार खेजड़ी के हरे पेड़ काट दिए गए है। और लगातार खेजड़ी काटने का काम चल रहा है। पुलिस थाने में एफआईआर तक दर्ज नहीं हो रही। खेजड़ी काटे जाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन भी किये जा रहे हैं। लेकिन सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही।

खेजड़ी काटे जाने की खुली छूट सोलर कंपनियों को दे दी गई हैं। सोलर कंपनी के प्रतिनिधियों के मुताबिक यह सोलर बंजर भूमि पर ही लगेंगे, इसलिए पेड़ काटने होंगे।

अनुमान के मुताबिक इन चार जिलों में अब तक लगभग 26 लाख पेड़ काटे जा चुके हैं और इस गति से 38 लाख पेड़ और काटे जाने का अनुमान हैं। इनमें लगभग 60% राज्य वृक्ष खेजड़ी के पेड़ है। इसके बावजूद उत्पादन होने वाली बिजली का अतिरिक्त लाभ इन चार जिलों को नहीं मिलेगा। और ना ही इन जिलों में बिजली सस्ती होगी।

बीकानेर जिले के कालासर, बरजू एवं भानीपुरा गाँवो में एक ही रात हजारों की संख्या में खेजड़ी एवं अन्य पेड़ कट गए। यह वही राजस्थान है जहां पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण अमृता देवी ने अपनी जान दे दी और उसके साथ सैकड़ो लोग शहीद हो गए थे। लेकिन वर्तमान शासन-प्रशासन के जूं तक नहीं रेंग रहीं।

तापमान बढ़ रहा है, अनेक पशु-पक्षी विलुप्त हो रहे हैं। और हजारों बीघा में पेड़ कट रहे है। कहा यह जाता है कि जो कंपनी जितने पेड़ काटेगी उतने ही पेड़ फिर से लगाएगी। व्यक्ति अथवा कोई कंपनी पेड़ काटने से राजस्थान में कतराते नहीं हैं। क्योंकि पेड़ काटा जाए तो एक बार पेड़ काटने पर मात्र 100 जुर्माना देना होता है। 100 से अधिक तो उस पेड़ की लकड़ी काटने वाले के मिल जाती है, उसके काम आ जाती है। अब तक कोई सरकार इस पर गंभीर नहीं रही है। एक तरफ सरकारे वृक्षारोपण अभियान चला रही है। और बच्चों को पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है कि जितने अधिक पेड़ लगेंगे उतनी अधिक बरसात अधिक होगी।

यह परिस्थिति केवल पर्यावरणीय असंतुलन का संकेत नहीं है, बल्कि आने वाले समय में वर्षा चक्र और जलवायु पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। सौर ऊर्जा और वृक्षों की बलि सौर ऊर्जा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा कही जाती है। राजस्थान का यह मरुस्थलीय भूभाग सूर्य की तीव्र रोशनी के कारण इस क्षेत्र में सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए बेहद उपयुक्त है।

सोलर हब बने इससे परहेज नहीं है। लेकिन एक अनुमान के मुताबिक 45 हजार बीघा में सोलर लगने से एक बीघा में 1-2 खेजड़ी कटने से लगभग 90 हजार खेजड़ी कटेगी।

राजस्थान वर्षों से खेजड़ी के पेड़ को बचाने के लिए प्रयासरत रहा है। बिश्नोई समाज इसके लिए संघर्ष करता रहा है। अनेक बार बिश्नोई समाज ने इसके लिए जन आन्दोलन किए है। सर्व समाज मेहनत करता रहा है, खेजड़ी राजस्थान का राज्य वृक्ष भी है।

यह कैसा विकास जो विनाश करता है। माना की विकास जरूरी है, लेकिन विनाश करते हुए विकास कैसा परिणाम देगा।

खेजड़ी केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि राजस्थान के सांस्कृतिक और पर्यावरणीय संतुलन का प्रतीक है। परंपरा और चेतावनी राजस्थान का लोकजीवन सैकड़ों वर्षों से पेड़ों, विशेषकर खेजड़ी, को पूजनीय मानकर उसकी रक्षा करता आया है। आज वही पेड़ विकास की अंधी दौड़ में काटे जा रहे हैं। यह केवल परंपरा के प्रति अनादर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए चेतावनी है कि अगर वृक्षों का संरक्षण नहीं हुआ तो प्रकृति नाराज होगी और वर्षा का चक्र अनिश्चित बन जाएगा।

पेड़ों के साथ-साथ लाखों की संख्या में झाड़ियां भी काटी जा रही है, यह जंगली झाड़िया अनेक प्रकार के फल भी देती है। उदाहरण के लिए केर एवं बोरिया, केर जिसका अचार डालते हैं वह केर अब कहां से लेंगे, अगर मिलेंगे तो उनके दाम इतने अधिक होंगे कि हर व्यक्ति के लिए खरीद पाना मुश्किल होगा। इन झाड़ियां और पेड़ों में पक्षियों के घोसले अब कैसे बनेंगे।

**पक्षी ही नहीं बचेंगे।**

खेजड़ी की छाल से मधुमेह को नियंत्रित करने वाली औषधि बनाई जाती है। और इसकी पत्तियों व फलों में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। इसकी पत्तियों को पशुओं के चारे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। खेजड़ी काटने से इस क्षेत्र में पशुओं के चारे का संकट खड़ा हो गया है। इसके अलावा, खेजड़ी की फलियाँ सांगरी सब्जी के रूप में खाई जाती हैं। खेजड़ी और झाड़ियां काटने से मरुस्थल की औषधि में कमी तो आई है साथ ही साथ आयुर्वेदिक इलाज पर भी प्रभाव पड़ेगा

यह सब इसलिए हो रहा है कि एक तरफ तो सरकार अपनी जमीन सोलर कंपनियों को उपलब्ध करा रही है। दूसरी और निजी क्षेत्र की जमीन है, यह सब जानते हुए भी किराए पर देकर ऊंची रकम प्राप्त करने के लिए हो रहा है। ऐसे में इसके लिए सरकार और समाज दोनों ही बराबर के भागीदार हैं। समय रहते इस पर विचार नहीं किया गया तो स्थितियां बहुत भयावह होने वाली है। चिंता यही है कि ऐसी परिस्थिति में इस क्षेत्र की खेजड़ी कैसे बची रहेंगी।

**–राजेन्द्र जोशी,**
**शिक्षाविद-साहित्यकार**

# वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में रैली निकाली

**अजमेर,** (कासं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बोर्ड कर्मचारियों ने पूरे शहर में वाहन रैली निकाली, तिरंगा लहराया और कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

जानकारी के अनुसार वंदे मातरम् गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर सोमवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों और कार्मिकों ने रैली निकाली। रैली रीट कार्यालय से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वैशाली नगर, मित्तल हॉस्पीटल, पुष्कर रोड़ होते हुए बजरंग गढ़ स्थित शहीद स्मारक पहुंची। रैली यहां से बोर्ड के जयपुर रोड़ स्थित कार्यालय आई, जहां भव्य स्वागत किया गया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। बोर्ड परिसर रंगोली और राष्ट्रीय रंगों से सजा हुआ नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरक शक्ति है। यह गीत राष्ट्रप्रेम, एकता और नारी शक्ति के आदर्श का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने देश की आज़ादी की लड़ाई में असंख्य देशभक्तों को प्रेरित किया और आज भी यह उतना ही प्रासंगिक है जितना स्वतंत्रता संग्राम के समय था।

राठौड़ ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे अपने इतिहास और संस्कृति से जुड़े रहें, क्योंकि राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के संकल्प और समर्पण पर निर्भर करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को देशभक्ति की भावना को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया और विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम के महान बलिदानों से जोड़ते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन में देशभक्ति और समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाएं।




अजमेर में मा. शि. बोर्ड अधिकारियों और कार्मिकों ने वाहन रैली निकाली।

कार्यक्रम के तहत रंगोली और गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बोर्ड परिसर देशभक्ति के रंगों से सराबोर हो उठा और वातावरण वंदे मातरम् की गूंज से मुखरित रहा।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया और देश के प्रति समर्पण की शपथ ली। इस अवसर पर विशेषाधिकारी नीतू यादव, वित्तीय सलाहकार रश्मि बिस्सा, राजेश निर्वाण, राजीव चतुर्वेदी, कर्मचारी संघ अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, महामंत्री करण सिंह यादव, उपाध्यक्ष हर्ष खत्री, अनिकेत महावर, उम्मेद गहलोत, अमरजीत सिंह, महिला कर्मचारी रेखा गहलोत, आशा हाड़ा, सुमन टेकचंदानी, नीतू जैन, सीमा चौपड़ा, शशि भारद्वाज, शिखा शर्मा, जसोदा, वीना आदि उपस्थित रहे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 11 नवम्बर, 2025**

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, पुष्य नक्षत्र सायं 6:18 तक, शुभ योग प्रात: 9:44 तक, विष्टि करण दिन 11:34 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से सायं 6:18 तक है। रवियोग सायं 6:18 तक रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग सायं 6:18 से सूर्योदय तक रहेगा। भद्रा दिन 11:39 तक रहेगी। गुरू वक्री रात्रि 10:15 पर होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:26 से 10:48 तक, लाभ-अमृत 10:48 से 1:32 तक, शुभ 2:53 से 4:13 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:47, सूर्यास्त 5:34 तक

**मेष**
घर-परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों में परिजनों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कर्क**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**सिंह**
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। महत्वपूर्ण कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेंगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। आज अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। नवीन व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# हाईकोर्ट : कम बोली लगाकर टेंडर लेने पर देनी होगी एक्स्ट्रा सिक्योरिटी

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोट के जस्टिस मुन्नूरी लक्ष्मण और जस्टिस बिपिन गुप्ता की डिवीजन बेंच ने टेंडर प्रक्रिया से जुड़े नियम 75ए को वैध करार दिया है, जिसके तहत जो ठेकेदार, सरकार द्वारा तय की गई कीमत से 15 प्रतिशत या उससे भी काफी कम रेट पर टेंडर हासिल करते हैं, उन्हें अतिरिक्त जमानत राशि (सिक्योरिटी) देनी होगी।

दरअसल राज्य के 11 ठेकेदारों ने अलग-अलग याचिकाओं में इस नियम को कोर्ट में चुनौती दी थी। इनमें जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, जयपुर, सिरोही और प्रतापगढ़ के ठेकेदार शामिल थे। सभी ने जल संसाधन विभाग के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए बोली लगाई थी और सफल भी हुए थे लेकिन जब विभाग ने उनसे अतिरिक्त सिक्योरिटी जमा करने को कहा तो उन्होंने 22 अक्टूबर 2021 की उस सरकारी अधिसूचना को ही चुनौती दे दी, जिसमें यह नया नियम 75-ए जोड़ा गया था। ठेकेदारों की तरफ से वकीलों ने कहा कि यह नियम मनमाना है।

उनका तर्क था कि पहले से ही कानून में कई सुरक्षा उपाय मौजूद हैं, जो सरकारी विभागों के हितों की रक्षा करते हैं। फिर इस अतिरिक्त सिक्योरिटी की क्या जरूरत है।

ठेकेदारों ने आर्थिक कठिनाई का भी तर्क दिया कि एक ही काम के लिए दो तरह की सिक्योरिटी जमा करना उनके लिए बहुत मुश्किल होगा।

ठेकेदारों ने यह भी कहा कि आजकल प्रतिस्पर्धा के दौर में हर व्यक्ति कम रेट में बोली लगाने की कोशिश करता है, ताकि उसे काम मिल सके और वह अपनी आजीविका कमा सके। कम रेट लगाने का मतलब यह नहीं कि ठेकेदार काम छोडक़र भाग जाएगा। उनका कहना था कि सरकार के पास कोई डेटा नहीं है कि कितने ठेकेदार कम रेट में काम लेने के बाद काम अधूरा छोड़ गए।

कोर्ट ने कहा कि राजस्थान ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योरमेंट एक्ट 2012 की धारा 55 राज्य सरकार को नियम बनाने का अधिकार देती है। इस धारा के तहत सरकार बोली सुरक्षा, प्रदर्शन सुरक्षा और एठाीमेंट प्रबंधन से संबंधित नियम बना सकती है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जब कोई ठेकेदार तय रेट से 15 प्रतिशत कम रेट में काम करने की बोली लगाता है, तो स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि वह इतने कम पैसे में काम कैसे पूरा करेगा। ऐसे में दो खतरे हैं - या तो वह काम की गुणवत्ता से समझौता करेगा या फिर काम बीच में छोड़ देगा। इसी स्थिति से बचने के लिए और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सिक्योरिटी की जरूरत है। यह सिक्योरिटी केवल उन्हीं ठेकेदारों से ली जाएगी जो 15 प्रतिशत से ज्यादा कम रेट लगाएंगे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह एक्स्ट्रा सिक्योरिटी हमेशा के लिए नहीं ली जा रही है। जैसे ही ठेकेदार संतोषजनक तरीके से काम पूरा कर देगा, यह राशि उसे वापस कर दी जाएगी। यह केवल यह सुनिश्चित करने के लिए है कि न तो काम की गुणवत्ता से समझौता हो और न ही ठेकेदार काम अधूरा छोड़े। कोर्ट ने नियम 75-ए को पूरी तरह वैध और संवैधानिक माना। सभी 11 ठेकेदारों की याचिकाएं खारिज कर दी गई।

## अधिकरण का आदेश खारिज, रिट स्वीकार

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधीश फरजंद अली ने माध्यमिक शिक्षा विभाग श्रीगंगानगर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हरविन्द्रसिंह के दो जून 2017 के पदस्थापन की प्रतीक्षा में करने का आदेश एवं राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण द्वारा उसकी अपील को खारिज करते हुए उस पर लगायी गयी शास्ति का आदेश को अपास्त करते हुए उसके द्वारा प्रस्तुत रिट याचिका को स्वीकार किया।

सनद् रहे माध्यमिक शिक्षा विभाग की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बशीर टिब्बी में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हरविन्द्रसिंह को निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा 2 जून 2017 को पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में किया गया था।

इस आदेश से व्यथित होकर हरविन्द्रसिंह ने एक अपील राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की। अधिकरण ने उसकी अपील को खारिज करते हुए उस पर 10 हजार रुपये की शास्ति का दण्ड का आदेश 14 जून 2017 को पारित किया। अधिकरण द्वारा शास्ति का आदेश व उसके पदस्थापन की प्रतिक्षा में किये गये आदेश से व्यथित होकर अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक रिट याचिका वर्ष 2017 में पेश की। उक्त रिट याचिका को प्रथमतया उच्च न्यायालय में स्थगन आदेश पारित किया व माध्यमिक शिक्षा विभाग से जवाब तलब किया।

उच्च न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता का यह तर्क था कि प्रार्थी को पदस्थापन आदेश जो पारित किया गया है वह राजस्थान सेवा नियम 25(ए) के विरूद्ध पारित किया गया है। राजस्थान सेवा नियम में जो प्रावधान दिये गये है उसमें उसका आदेश कहीं पर लागू नहीं होता है। दूसरा अधिकरण ने प्रार्थी पर जो शास्ति लगायी गयी है वो अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर लगायी है। अधिकरण ने आदेश 14 जून .2017 से प्रार्थी की अपील को खारिज करते हुए उसके ऊपर 10 हजार रुपये की शास्ति लगायी व यह शास्ति राशि उसके आगामी माह के वेतन में से काटने का आदेश पारित किया।

प्रार्थी के अधिवक्ता का यह तर्क था कि किसी के वेतन में से किसी प्रकार की कटौती करना दण्ड की परिभाषा में आता है व किसी राज्य कर्मचारी को दण्ड देने से पहले राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) सेवा नियम 1958 की पालना करना आवश्यक है एवं सजा सक्षम अधिकारी/ नियुक्ति अधिकारी या अनुशासनात्मक अधिकारी द्वारा ही नियमों की पालनानुसार एवं सुनवाई का अवसर दिये जाने पश्चात् दी जा सकती है। वर्तमान प्रकरण में अधिकरण न तो याचिकाकर्ता का न तो नियुक्ति अधिकारी है न ही अनुशासनात्मक अधिकारी है, इसके बावजूद भी उसके अधिकरण द्वारा शास्ति राशि का दण्ड जो दिया गया है व नियम विरूद्ध एवं राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) सेवा नियम 1958 के विरूद्ध है।

प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्को से सहमत होते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के पदस्थापन आदेश की प्रतीक्षा के आदेश 02.06.2017 को राजस्थान सेवा नियम के नियम 25(ए) के विरूद्ध माना व अधिकरण के द्वारा 10 हजार रुपये की शास्ति के आदेश को अधिकरण के अधिकार क्षेत्र से परे मानते हुए निरस्त करते हुए उसके द्वारा प्रस्तुत रिट याचिका को स्वीकार किया।

# उप विजेता दल का मनोबल बढ़ाया



**जालोर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर ने राज्य स्तरीय कला उत्सव में उप विजेता रहे दल का स्वागत किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। मंडफिया (चित्तौड़गढ़) में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025 में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर जालोर की बालिकाओं के दल द्वारा जिले का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश में लोक नृत्य सामूहिक विधा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के बाद विधालय आगमन पर मार्गदर्षक शिक्षिका शैलजा माथुर एवं दल का अभिनंदन किया गया।

प्रधानाचार्य मनीश कुमार ने बताया कि शैलजा माथुर से प्रशिक्षित दल सदस्यों भाग्यश्री, तपस्या, स्वस्तिका एवं रमाया राव ने कालबेलिया, तेरह ताली एवं कच्छी घोड़ी नृत्य का षानदार प्रदर्षन कर सम्पूर्ण राज्य में लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया हैं। लोक नृत्य के अलावा षास्त्रीय संगीत में विद्यालय की बालिका काव्या ठाकुर ने राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व कर प्रस्तुति प्रदान की। कार्यक्रम में विधालय विकास समिति में विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य, सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी प्रभुदान राव के विशिष्ट आतिथ्य तथा समग्र शिक्षा जिला सहायक परियोजना समन्वयक ईश्वरसिंह सांगणा की अध्यक्षता तथा शिक्षाविद् देवीलाल गेहलोत एवं परियोजना अधिकारी रमेश पारीक के आतिथ्य में प्रतिभागियों एवं मार्गदर्शक शिक्षिका शैलजा माथुर का माला ,साफा सावलिया की छवि युक्त स्मृति चिह्न तथा प्रमाण प्रदान कर अभिनंदन किया गया। कला उत्सव आदि कार्यक्रमों में शैलजा माथुर के निर्देषन में विगत वर्षो में लोक नृत्य में जिले को उपलब्धियां प्राप्त होती रही है। जिसमें पांच बार राश्टीय स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व उल्लेखनीय है। कार्यक्रम का संचालन हितेष कुमार ने किया।

कार्यक्रम में कमला देवी, रमेशचंद्र परिहार, लता सोनी, भावना राव, यथास्थान प्रधानाचार्य श्रीमती इंदिरा दहिया, उपाचार्य कैलाषसिंह राजपुरोहित, मोहम्मद रफीक षेख, चंद्रपाल सिंह बालोत, धीरेंद्र कुमार, उदाराम सुथार, हनुमान कुमार दवे, राजू त्रिपाठी, विमला पुरी, अंबिका सिंह, एस. षाहिना, सुमित्रा, पूजा लालस, राकेष कुमार मीणा, पुजा कुमारी समेत स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

# जालोर नगर परिषद् कलस्टर प्रतियोगिता का उद्घाटन



**जालोर नगर परिषद् के कलस्टर स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर नगर परिषद के कलस्टर स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद खेल महोत्सव के विधानसभा प्रभारी एडवोकेट सुरेश सोलंकी,जिला प्रवक्ता दिनेश महावर,प्रतियोगिता के संयोजक एवं नगर महामंत्री महेश भट्ट एवं सुरेश सुंदेशा तथा कीडा भारती के संयोजक भागीरथ गर्ग उपस्थित रहे। वहीं विभागीय अधिकारी के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र परमार एवं लहरी राम माली उपस्थित थे। अतिथियों ने मां सरस्वती का माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर प्रतियोगिता का विधिवत आगाज किया। प्रधानाचार्य भंवर मकवाना के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत की आकर्षक प्रस्तुति की। मुख्य अतिथि द्वारा सलामी मंच पर मार्च पास्ट की सलामी ली गई। सांसद खेल महोत्सव के विधानसभा प्रभारी एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता का परिचय एवं खेल के माध्यम से प्रतिभाओं को तरास कर आगे लेकर आने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह सिसोदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ-साथ खेलों के विकास के लिए एवं प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र की डबल इंजन सरकार मिलकर खेल सहित अन्य विकास कार्यो के लिए कृत संकल्पित है । उन्होंने उद्घाटन की घोषणा एवं ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का विधिवत आगाज किया। प्रतिभागी खिलाड़ियों ने शपथ के माध्यम से सच्ची खेल भावना से खेलने की शपथ ली। प्रतियोगिता के नगर परिषद कलस्टर प्रभारी महेश भट्ट ने आभार व्यापित किया ।

राष्ट्रगीत वंदे मातरम की प्रस्तुति के पश्चात उद्घाटन का रस्साकसी का संघर्षपूर्ण एवं कांटे की टक्कर का मैच आयोजित हुआ । वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक नरेश सोलंकी ने प्रतियोगिता के खेल संबंधित आयोजन के संबंध में जानकारी दी। संचालन अंबिका प्रसाद तिवारी ने किया।

इस अवसर पर मुकेश राजपुरोहित, गीता बारोट, उर्मिला दरजी,कानाराम परिहार, राजेंद्र टॉक, महेंद्र राङ्गौर, हीराराम देवासी, चंद्रकांत संदेश, रतन सुथार, जयंतीलाल सोलंकी, मनोहर राणा, रमेश मेघवाल, जोगाराम मीना, धनपत मुथा,अशोक गुर्जर, जीतू सिंह केसावना, जबराराम माली, रामेश्वर लाल, परमवीर सिंह भाटी, हेमेंद्र सिंह, दिनेश बारोट सहित अधिकारी कर्मचारी एवं खिलाडी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## उप करागृह का निरीक्षण

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार उप करागृह बालोतरा का सोमवार को सिद्धार्थ दीप, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) बालोतरा के निर्देशन में टीम विजिटर्स द्वारा औचक निरीक्षण किया ।

निरीक्षण के दौरान जेल में कुल 74 बंदी निरूद्ध पाए गए जो कारागृह की क्षमता 55 से अधिक है। अधिक संख्या एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए मूलभूत आवश्यकताओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए जेल प्रशासन को निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, भोजन, पेयजन, शौचालयों की स्थिति आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया जो संतोषजनक पाई गई।

जेल निरीक्षण के दौरान सचिव सिद्धार्थ दीप द्वारा कारागृह में निरूद्ध बंदियों से पृथक-पृथक संवाद किया गया तथा उनके प्रकरणों की नियमित पैरवी के लिए, नि:शुल्क अधिवक्ता स्कीम के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल की उम्र से कम का नहीं पाया गया। श्री दीप ने माननीय नालसा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान जिसमें ऐसे बंदीगण जो वृद्ध (70 वर्ष) है अथवा लाईलाज बीमारियों से पीड़ित है के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# नाथजी प्रीमियर लीग शुरू



**जालोर शहर के शाह पूंजाजी गेना जी स्टेडियम में श्री नाथजी प्रीमियर लीग 9 से15 नवम्बर 2025 तक रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट की विधिवत शुरुआत हुई।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के शाह पूंजाजी गेना जी स्टेडियम में श्री नाथजी प्रीमियर लीग 9 से15 नवम्बर 2025 तक रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुरुआत हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गंगानाथ महाराज, सिरे मंदिर मठ, जालोर एवं रणछोड भारतीजी महाराज, लेटा मठ के पावन सानिध्य में हुआ।

इस अवसर पर भैरुनाथ अखाडे के गोपाल नाथ महाराज,भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा, कोतवाल अरविंद राजपुरोहित, राकेश दवे (नगर परिषद), भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मनोहर राणा तथा दौलत सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

आयोजकों के अनुसार, इस क्रिकेट लीग में जिलेभर की नामी टीमें भाग ले रही हैं।

टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों को हर रात रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी सौहार्द को प्रोत्साहित करना है। स्टेडियम में विशेष फ्लडलाइट्स, डिजिटल स्कोर बोर्ड और दर्शकों के लिए बैठने की उत्कृष्ट व्यवस्था की है।

## लोकतंत्र के प्रति कर्तव्य का पालन करें : राणावत

**पाली**, (नि.संत्र)। निर्वाचन निर्वाचन विभाग की ओर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को निर्वाचन क्षैत्र के पाली एवं रोहट के पंचायत समिति सभागार मे निर्वाचन क्षेत्र के समस्त बूथ लेवल अभिकर्ताओ को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को निर्वाचन क्षेत्र के रोहट पंचायत समिति सभागार में मास्टर ट्रेनर आनन्द किशोर लोहरा एवं जयपाल सिंह ने सुबह 11 से 12 बजे तक भाग संख्या एक से पचपन एवं दोपहर 12 से एक बजे तक भाग संख्या दो सो चार से दो सो 257 के तथा वही पाली पंचायत समिति सभागार मे ओम प्रकाश कुमावत और मुकेश जागरीवाल सुबह 11 से 12 बजे तक भाग संख्या 56 से 105 तथा दोपहर 12 से 1 बजे तक भाग संख्या 106 से 203 के बूथ लेवल अभिकर्ताओं को एस.आई.आर. की प्रक्रिया के बारे मे विशेष प्रशिक्षण दिया। जिसमें उन्हें जिसमे उन्हें ऑन लाईल ऑफ लाईन गणना प्रपत्र के बारे मे बताते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया।

# लौह पुरुष की तरह युवा एकता के दूत बनें : छोटूसिंह

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं मेरा युवा भारत जैसलमेर द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में अमर शहीद सागरमल गोपा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से भव्य 'एकता मार्च पदयात्रा' का आयोजन किया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा लौह पुरुष सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

मुख्य अतिथि जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने युवाओं का आ ान करते हुए कहा कि युवाओं को सरदार पटेल के समान दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रिनष्ठा के साथ आगे बढ़ना चाहिए। एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता ही सशक्त भारत की नींव हैं। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत एवं नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

समाजसेवी दलपत हिंगड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में एकता और सद्भाव की भावना को सशक्त बनाना चाहिए।

इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड की स्वयंसेविकाओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया।

भव्य पदयात्रा को विधायक छोटूसिंह भाटी, अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल, सहायक कलक्टर रोहित वर्मा, आयुक्त लजपालसिंह सोढा, जिला शिक्षा अधिकारी महेश बिस्सा, समाजसेवी दलपत हिंगड़ा, कंवराजसिंह चौहान, संतोष पालीवाल, विक्रमसिंह नाचना, मनोहरसिंह दामोदरा, प्रधानाचार्य सुनील बोहरा, जिला खेल अधिकारी राकेश विश्नोई, जिला युवा अधिकारी पंकज माडेचा, जिला समन्वयक एनएसएस कैलाशदान चारण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उपस्थित युवाओं ने देश की एकता, अखंडता और समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# तम्बाकु के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी

**पाली**, (नि.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से जिले में 08 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 की कड़ी में पाली जिला मुख्यालय पर संचालित स्काउट एवं गाईड प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षणाधीन स्काउट व गाइड्स के लिये चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि जिला तम्बाकु नियंत्रण प्रकोष्ठ,पाली द्वारा अभियान की अनुमोदित जिला कार्ययोजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों में युवाओं को तम्बाकु के गम्भीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य एवं तम्बाकु मुक्ति केन्द्र के साईकोलोजिस्ट के.सी.सैनी ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर संचालित स्काउट एवं गाईड प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित हो रहे चार दिवसीय परीक्षा शिविर के दौरान उपस्थित साढ़े तीन सौ से अधिक स्काउट गाईड प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न गतिविधियों द्वारा जागरूक किया तथा उनको तम्बाकु मुक्ति की शपथ भी दिलवाई।

# पाली में विभागीय कार्यों की समीक्षा हुई

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आज सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुयी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में जिला कलेक्टर मंत्री ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति लाने के लिये निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आगामी विविध आयोजनों के बारे में ग्रामीण सेवा शिविरो के बारे में आवश्यक निर्देश दिये।

जिला कलैक्टर मंत्री ने रामसेतु की गिलहरी अभियान यूज एंड थ्रो प्लास्टिक मुक्त परिसर व क्षेत्र के बारे में भी निर्देश दिये।बैठक में उन्होने सडक सुरक्षा व दुर्घटनाओं को रोकने व जागरूकता के लिय अवैध कट बंद करने अवैध ढाबो पर कार्रवाई ,प्रमुख व्यक्तियों के विजिट के बारे में पानी जेजेएम , बिजली में विभिन्न प्रकार के कनेक्शन ,सडक मरम्मत एसडीआरफ के कामों के बारे, फलैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिये , लाडो प्रोत्साहन योजना, कृषि विभाग फर्टीलाईजर खाद वितरण, विश्वकर्मा योजना, पंच गौरव प्रगति ,विभिन्न विभागों के बकाया भूखंड आंवटन, चिकित्सा विभाग वय वंदन योजना, डीएमफटी, यूआईटी ,, रसद विभाग एनएफएसए ,, विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास आंगनवाडी केन्द्रो , माईनिंग, योजनाओं, राजिविका, यूआईटी , नगर निगम , वन ,शिक्षा विभाग ,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में पेशन सत्यापन , पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना , स्कारलशिप , रीको, उद्योग , डेयरी मे घी , मंडी रोजगार मेला आदि की समीक्षा कर निर्देश दिये।

बैठक में प्रशिक्षु आईएएस बिरजू गोपाल, एडीएम ओम प्रभा ,सीईओ मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना , नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज सहित अदि उपस्थित रहे।

## प्रतियोगिता हुई

**पाली**, (नि.सं.)। विकसित भारत 2047 एवं आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी विषय पर महाविद्यालय स्तर पर निबन्ध प्रतियोगिता हुई। जिला स्तर पर दीपेन्द्र सिंह चौहान (एम.ए.फाईनल) 3 तक सेमेस्टर इतिहास बांगड महाविद्यालय पाली ने प्रथम स्थान, ज्योति आर. प्रजापत, बीएससी प्रथम सेमेस्टर बांगड महाविद्यालय ने द्वितीय स्थान एवं हिमानी जोशी, विधि प्रथम वर्ष विधि महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कुश्ती प्रति.13 से

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला स्तरीय सीनियर पुरुष व महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 16 नवम्बर को जालोर शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित स्थित आर्य वीरम व्यायामशाला में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी इसी दिन दोपहर 12 बजे तक ही अपनी एन्ट्री दें सकते है।

जिला कुश्ती ओलंपिक स्टाइल के अध्यक्ष महेंद्र मुणोत व सचिव दलपत सिंह आर्य ने जानकारी दी।

# यूनिटी मार्च से देशभक्ति का संदेश

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिला मुख्यालय पर राजकीय महाविद्यालय से विवेकानंद सर्किल तक यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर राजकीय महाविद्यालय से स्वामी विवेकानंद सर्किल तक सरदार150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। इसके जरिए आमजन को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर चौहटन विधायक आदूराम मेधवाल ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का सपना साकार किया। आज का यह यूनिटी मार्च भी युवाओं को उसी एकता की भावना से जोड़ने का प्रयास है।

उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की तरह दृढ़ संकल्प, मजबूत चरित्र और राष्ट्र सबसे पहले की भावना को अपनाने के साथ विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

समाजसेवी दीपक कड़वासरा ने सबका आभार जताते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत जताई। इस दौरान चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना एवं समाजसेवी दीपक कड़वासरा ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूनिटी मार्च में जिला एवं पुलिस प्रशासन, जन प्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी, सैकड़ों छात्र-छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, माई भारत के स्वंयसेवक, युवा संगठनों के प्रतिनिधि एवं महाविद्यालय स्टाफ तथा स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत, उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, प्राचार्य प्रो. उम्मेदसिंह, पदयात्रा जिला संयोजक दिनेश विश्नोई, समाजसेवी रमेशसिंह इंदा, पदयात्रा सह संयोजक महेंद्रसिंह राजपुरोहित, बालाराम गोदारा, चनणाराम बैरड़, राजूदास भील, मुस्कान मेघवाल, अनिता चौहान, जीतेन्द्र बोहरा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी प्रोफेसर आदर्श किशोर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर भारत संकल्प और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

यूनिटी मार्च का समापन विवेकानंद सर्किल पर हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

यूनिटी मार्च में सहायक नोडल अधिकारी सीओ स्काउट योगेन्द्रसिंह राठौड़, कैलाश चौधरी समेत विभिन्न गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में यूथ आइकन बनीस पूरी, समता, हनुमान सुथार, जुंजाराम को सम्मानित किया गया।

## निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली द्वारा आज जिला कारागृह, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 109 बन्दी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले।

निरीक्षण सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इस हेतु सचिव भाटी द्वारा कारागृह में बन्दीगण को नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे बन्दी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो इस संबंध में भी जानकारी ली गई।


**Court Summon**

**In The Court of Judicial Magistrate First Class, 'B' Court, Ponda Goa.**
Crim. Case No. 343/OA/NIA/2018/B
CNR No.: GANG08-001048-2018
**Gajanan Shripati Shinde**
...Complainant
**V/s**
**Asu Parihar** ..Accused
**Form No.4**
**Proclamation Requiring the Appearance of A Person Accused [See Section 82 of Cr.P.C.]**

**WHEREAS,** complaint has been made before me that **Accused: Mr Asu Parihar, S/o. Kasaramji, R/o. 266, Meghwalo Ka Bas, Gwada, Taluka Desuri, District Pali, Rajasthan,** has committed (or is suspected to has committed] the offence punishable u/s 138 of NI Act and it has been returned to a warrant of arrest there upon issued that the said **Accused: Mr Asu Parihar, s/o. Kasaramji, R/o. 266, Meghwalo Ka Bas, Gwada, Taluka Desuri, District Pali, Rajasthan,** has absconded [or has concealing himself to avoid the service of the said warrant].

**PROCLAMATION** is hereby made that the said **Accused: Mr Asu Parihar, s/o. Kasaramji, R/o. 266, Meghwalo Ka Bas, Gwada, Taluka Desuri, District Pali, Rajasthan,** is required to appear before Court of J.M.F.C. Ponda to answer the said complaint within 30 days from this date. The case is fixed for hearing on **09/12/2025 at 02.30 pm.**
Dated this 25/09/2025.

Seal

**(Queency D'Silva)**
**Judicial Magistrate First Class, "B" Court, Ponda.**

# नारकोटिक्स इंस्पेक्टर के लिये बीस हजार की रिश्वत लेते दलाल गिरफ्तार

## दो लाख भारतीय मुद्रा एवं डमी नोट लेकर भागा नारकोटिक्स इंस्पेक्टर, एक लाख बरामद किये

**कोटा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा की स्पेशल यूनिट ने झालावाड़ के भवानीमंडी में कार्रवाई करते हुए आरोपी दलाल अकरम हुसैन को केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो इंस्पेक्टर भवानीमंडी हितेश कुमार के लिये 20 हजार रूपये भारतीय मुद्रा एवं डमी नोट की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, जबकि नारकोटिक्स इंस्पेक्टर दो लाख रूपये की रिश्वत की रकम लेकर मौके से फरार हो गया। मौके से भागते समय एक लाख रिश्वत के व मोबाइल नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर की जेब से गिर गया, बाद में एसीबी टीम ने एक लाख रूपये बरामद किये, मौके से रिश्वत लेकर भागे नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर के पास एक लाख रूपये में कुछ नोट डमी एवं कुछ भारतीय मुद्रा के है। इस कार्रवाई के दौरान एसीबी टीम ने डमी नोट का भी उपयोग किया था।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा स्पेशल यूनिट को परिवादी ने एक लिखित शिकायत पेश की। परिवादी ने शिकायत में कहा कि परिवादी के पिता को केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो भवानीमंडी के इंस्पेक्टर हितेष कुमार व एक अन्य 7 नवम्बर को परिवादी के घर से उठाकर ले गये थे। परिवादी ने शिकायत में कहा कि उन्होंने उसके पिता को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर तीन लाख रूपये की रिश्वत की मांग की है। एसीबी के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी की शिकायत पर एसीबी रेंज कोटा प्रभारी उपमहानिरीक्षक आनंद शर्मा के सुपरविजन में एसीबी स्पेशल यूनिट के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा द्वारा शिकायत का सत्यापन करवाया गया।



आरोपी दलाल।

सत्यापन के दौरान परिवादी से दलाल अकरम हुसैन द्वारा तीन लाख रूपये की मांग किया जाना सही पाया गया। टीम ने सत्यापन कार्रवाई के बाद

- **परिवादी से उसके पिता को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर तीन लाख रूपये की रिश्वत की मांग की थी**

ट्रैप कार्रवाई के लिये जाल बिछाया और झालावाड़ के भवानीमंडी में ट्रैप कार्रवाई के दौरान दलाल अकरम हुसैन को केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो भवानीमंडी के इंस्पेक्टर हितेष कुमार के लिये 20 हजार रूपये की भारतीय मुद्रा एवं डमी नोट सहित रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जबकि आरोपी नारकोटिक्स ब्यूरो का इंस्पेक्टर हितेष कुमार अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। एसीबी के स्पेशल यूनिट के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा ने बताया कि टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए दलाल को गिरफ्तार किया है।

एसीबी स्पेशल यूनिट के एडीशनल एसपी मुकुल शर्मा ने बताया कि मौके से नारकोटिक्स ब्यूरो भवानीमंडी के हंस्पेक्टर हितेष कुमार दो लाख रूपयों में से कुछ नोट डमी एवं कुछ नोट भारतीय मुद्रा की रिश्वत राशि को लेकर मौके से फरार हो गया, टीम ने जब नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर का पीछा किया तो भागते समय एक लाख रूपये नोट आरोपी की जेब से गिर गये, जिसमें से कुछ नोट डमी भी थे, जिन्हें बाद में एसीबी टीम ने बरामद किया। पकड़े गये आरोपी दलाल से पूछताछ एवं मामले में फरार आरोपी नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर की तलाश जारी है।

## बेटे ने माता-पिता की हत्या की

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। बड़ौदामेव थाना क्षेत्र के हादरहेड़ा गांव में 22 साल के युवक ने अपने ही माता-पिता की कुल्हाड़ी से काट कर बेरहमी से हत्या कर दी। ग्रामीणों की मानें तो हत्यारा ओमप्रकाश जाटव अपनी शादी नहीं होने के चलते घर वालों से नाराज था। वह आए दिन शादी की बात को लेकर माता-पिता से झगड़ा भी करता था।

पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग पिता हरियाराम जाटव (65) और मां शांति जाटव (62) की हत्या के बाद आरोपी ने शवों को रजाई से ढक दिया और मौके से फरार हो गया। वह अपनी मां के पैर से चांदी का कड़ा भी उतार कर ले गया। बड़ौदामेव थानाधिकारी विजयपाल सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश रात शराब के नशे में घर आया। इसके बाद आरोपी ने गहरी नींद में सो रहे पिता और मां की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी।

ग्रामीणों के अनुसार नशे की बुरी लत के कारण ओमप्रकाश की शादी नहीं हो रही थी। इसे लेकर वह अक्सर अपने माता-पिता व परिजनों से झगड़ा करता था। ग्रामीणों की मानें तो आरोपी घर वालों से कहता था कि शादी नहीं करवाई तो जान से मार दूंगा। शराबी भाई से परेशान बड़ा भाई मोहरपाल भी गांव में नहीं रहता था और अलवर में रहकर परिवार के साथ मजदूरी करता था।

## हत्या का प्रयास मामले में दो गिरफ्तार

**बूंदी, (निसं)।** सदर थाना पुलिस ने सात नवंबर को थाना क्षेत्र के पुराना माटुंडा रोड में घर में घुसकर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर घायल करने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर एक नाबालिक को निरुद्ध किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू व मोटरसाइकिल भी जब्त की है।


**कार्यालय नगर परिषद बारां**

E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक :–नपबा/राजस्व शाखा/2025/6980–81 दिनांक :– 04.11.2025

**प्रेस–नोट**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बारां की कॉलेज रोड़ बारां फल मण्डी के सामने स्थित लगभग 20,000 वर्गमीटर खाली जगह उपलब्ध है। जिसमें उचित पार्किंग व्यवस्था व पक्का सी.सी. रोड़ का निर्माण किया हुआ है।

अतः कोई भी इच्छुक व्यापारी/उद्योग मैला/प्रदर्शनी/अस्थाई स्टॉल/वूलन स्टॉल लगाना चाहता है तो नगर परिषद कार्यालय में सम्पर्क कर उचित किराया जमा करा कर अस्थाई रुप से किराये पर ले सकता है।

राज.संवाद/सी/25/13442 आयुक्त



**RAJASTHAN STATE GANGANAGAR SUGAR MILLS LIMITED**

(Centre of Excellence for Revenue Research & Analysis) तृतीय मंजिल, अरण्य भवन के पास, झालाना डूंगरी, जयपुर-302004

Tel: 0141-2740841, Fax: 0141-2740676, Email-ID : dgmpurchase.rsgsm@rajasthan.gov.in

NIB. No. :- RSGSM/GP/RC/2025-26/Pur/ Dated :- 06/11/2025

**E-BID NOTICE**

Bids for gum paste are invited from interested bidders up to 6.00 p.m. of 24.11.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; http://excise.rajasthan.gov.in/, departmental website.

UBN: GSM2526GLRC00084

Raj.Samwad/C/25/13449 Dy. General Manager (Purchase)



**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- जोविप्रा/2025-26/1821 दिनांक :- 04/11/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या- मुख्यालय/33/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदक जिनका पंजीयन नियमानुसार पुनरावलोकन (Review) किया हुआ हो, से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा, शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.:- JOD2526WSOB00393

राज.संवाद/सी/25/13452 अधिशाषी अभियंता


## लिव इन पार्टनर से झगड़ा होने पर युवक ने कार में आत्मदाह किया

- **युवक ने कार में पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली, धमाके की आवाज सुनकर जब लोग बाहर निकले तो युवक अंदर जल रहा था**
- **घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है, बताया जा रहा है हरियाणा का बावल निवासी सुरजीत सिंह श्रीगंगानगर में लिव इन पार्टनर के साथ रहता था**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यहां एक युवक ने कार में पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। धमाके की आवाज सुनकर जब लोग बाहर निकले तो युवक अंदर जल रहा था। लोगों ने जब तक आग बुझाई, युवक की मौत हो चुकी थी। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सद्भावना नगर के पावन धाम के पास सोमवार सुबह का है। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है।

बताया जा रहा है हरियाणा का बावल निवासी सुरजीत सिंह (45) श्रीगंगानगर में लिव इन पार्टनर के साथ रहता था। चार दिन पहले दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ था। सुरजीत कार लेकर आया और युवती के घर के बाहर रुका। इसके बाद कार में पेट्रोल डालकर आग लगाई। कार में धमाके की आवाज सुन लोग पानी की बाल्टियां लेकर दौड़े और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पड़ोसियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पूरी तरह कार में फैल चुकी थी। मौके पर मौजूद लोगों ने जैसे-तैसे कार का गेट खोला और पानी डालकर आग पर काबू पाया।

कोतवाली थाना इंचार्ज अमन कुमार ने बताया कि सुरजीत और युवती दोनों पावन धाम में रहते थे। सुरजीत हरियाणा का रहने वाला है और युवती श्रीगंगानगर की है। सुरजीत यहां पर आता-जाता रहता था। पड़ोसियों से हुई पूछताछ में सामने आया कि दोनों के बीच चार दिन पहले झगड़ा हुआ था। इसके बाद सुबह सुरजीत कार लेकर यहां आया। उसकी गाड़ी में सामान भरा हुआ था। घर के सामने ही उसने कार में पेट्रोल डाला और आग लगा दी। इस दौरान वह कार में ही बैठा रहा। कार में डॉक्यूमेंट्स के साथ ही बिस्तर और कपड़े थी थे, जो पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। कार में पुलिस को तलवार भी मिली है। आग लगते ही गाड़ी में धमाका हुआ। आवाज सुन पड़ोसी बाहर निकले और आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान महिलाएं भी वहां पहुंच गई। कार का गेट खोलकर सुरजीत को बाहर निकाला। तब तक सुरजीत बुरी तरह से झुलस चुका था और मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि दोनों करीब पांच महीने पहले ही पावन धाम में रहने आए थे। पड़ोसियों ने बताया कि दोनों की कई बार लड़ाई होती थी। विवाद इतना बढ़ जाता था कि बाहर तक लोगों को आवाज सुनाई देती थी। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

डीएसपी राहुल यादव ने बताया कि सोमवार सुबह सूचना मिली थी कि पावन धाम के पास एक गाड़ी में आग लगी है। कार की जांच में मिले डॉक्यूमेंट में मृतक सुरजीत का एड्रेस लुधियाना, हरियाणा और भिवाड़ी का लिखा हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। महिला ने पूछताछ में बताया कि वह सुरजीत के साथ तीन साल से रिलेशनशिप में थी। उसे सुरजीत के परिवार के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस हादसे में सुरजीत की मौके पर ही मौत हो गई थी। कपड़ों से उसके शव को ढक मोर्चरी में रखवाया गया है।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

- **दोनों पक्षों के बीच लाठियां और कुल्हाड़ियां चली, दर्जनभर घायल, एक का हाथ कटा**

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा थाना क्षेत्र के ग्राम जालखेड़ा में सोमवार सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ झगड़ा खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में करीब दर्जनभर महिला और पुरुष घायल हो गए।

जालखेड़ा निवासी सांवर सिंह ने बताया कि वे पिछले 25-26 वर्षों से विवादित खेत की बुआई कर रहे हैं। उनके अनुसार उन्होंने खेत में इस बार रबी की फसल की बुआई कर रखी थी। सोमवार सुबह पोलूसिंह, पप्पू सिंह सहित अन्य लोग ट्रैक्टर लेकर खेत में पहुंच गए और जुताई करने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। सांवर सिंह के पक्ष के अनुसार, दूसरे पक्ष ने लाठियों और कुल्हाड़ियों से हमला कर दिया। इसमें ज्ञान सिंह का हाथ कट गया, जबकि प्रेम देवी, सीमा देवी, कान सिंह और मंशा गंभीर रूप से घायल हो गए। ज्ञान सिंह को तुरंत निजी वाहन से अजमेर जेएलएन अस्पताल भेजा गया। अन्य घायलों को 108 एम्बुलेंस से मसूदा उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उपचार जारी है। प्रेम देवी को सिर में गंभीर चोट आने पर ब्यावर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि वे अपने खेत में ट्रैक्टर चला रहे थे, इसी दौरान दूसरे पक्ष ने हमला कर दिया। इसमें पोलूसिंह, पप्पू सिंह, चंद्रा सिंह, सेठू सिंह, नारायण सिंह, पुष्पा और पीरी घायल हुए। ये सभी मसूदा अस्पताल पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में मेडिकल करवाया। घटना की सूचना पर मसूदा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 18717500 दिनांक :- 07/11/2025

**ई-बिड सूचना संख्या:- जोन उत्तर-एबी,सी/14/25-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से सिविल कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन लाईन बिड आमंत्रित की गई है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- JOD2526A0181

Tender ID/UBN No. :- JOD2526WSOB00396 To 400

राज.संवाद/सी/25/13453 अधिशाषी अभियंता (उत्तर-एबी)



राजस्थान सरकार

**कार्यालय नगर पालिका, सादड़ी (जिला–पाली) राज.** (आपकी सेवा में सदैव तत्पर)

पताः मैन बस स्टेण्ड, सादड़ी

Ph.-02934-285022 email: npsadri1979@yahoo.com, gmail.com

क्रमांक : न.पा.सा./2025/3551–3553 दिनांक 06.11.2025

**-:: Notice Inviting Bid ::-**

Bid for subject matters of procurement are invited from intreseted bidders upto (date)& (time). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (https://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state departmental website.

UBN NO :- DLB2526WSOB23504

राज.संवाद/सी/25/13472 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सादड़ी



**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**

धौलपुर कम्बाइंड साईकल पॉवर प्रोजेक्ट, ग्रामः पुरानी छावनी, धौलपुर-328001

**ऑनलाइन/ऑफलाइन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/ सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:– 178 (RVU2526GSOB01473) डबल लेयर ग्राउंडिंग ब्रश, 188 (RVU2526SSOB01451) अनुक्रम टाइमर कार्ड की मरम्मत एवं 190 (RVU2526GLOB01503) पीवीसी स्प्लैश वी–बार, ग्रिड हैंगर प्लैंक, ड्रिफ्ट एलिमिनेटर, एसएस 304 वायर मेश ग्रिड और पीवीसी डी–लॉक/केबल टाई की आपूर्ति, मरम्मत और प्रतिस्थापन का कार्य। निविदा विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in (ई–निविदा हेतु), www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/13448 RVUN/PR-4292 अधीक्षण अभियन्ता (डीसीसीपीपी)


## यूरिया के लिए किसान परेशान

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जहां एक ओर सरकार किसानों के लिए बड़े-बड़े वादे करती है, वहीं दूसरी ओर अन्नदाताओं को यूरिया खाद जैसी बुनियादी जरूरत के लिए भी भारी संघर्ष करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, ग्रामीण इलाकों में किसानों को यूरिया खाद लेने के लिए कई घंटों तक लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि घंटों इंतजार और 1450 रुपये जैसी बड़ी राशि चुकाने के बावजूद उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि सरकारी वादे केवल कागजों और बयानों तक ही सीमित है। जमीन पर उन्हें अपनी फसलों के लिए आवश्यक खाद प्राप्त करने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## गौवंश तस्करी का 28 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

- **1997 के मामले में सलीम ने रियाज मोहम्मद नाम से फर्जी दस्तावेज बना लिये थे**

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत गौ वंश तस्करी के एक मामले में 28 साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 1997 से दर्ज एक केस में वांछित था और अपनी पहचान छुपाकर रह रहा था।

एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर फरार आरोपियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गोवंश अधिनियम के तहत 28 वर्षों से फरार अभियुक्त को पकड़ने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने कई दिनों तक रतलाम, मध्यप्रदेश में रहकर आरोपी की तलाश की। बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम के पास 28 साल पुराने दस्तावेज थे, जिससे अभियुक्त की पहचान करना बेहद मुश्किल था। आरोपी ने अपनी पहचान छुपाने के लिए सभी दस्तावेजों में अपना नाम सलीम से बदलकर रियाज मोहम्मद कर लिया था। अभियुक्त ने 2002 की वोटर लिस्ट में भी अपना नाम बदल दिया था। वह इतना शातिर था, कि उसने सरपंच से भी यह तस्दीक करवा ली थी कि उसके गांव में सलीम नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता, ताकि पुलिस आने पर परिवार वाले बच सके। पुलिस ने अपने मुखबिरी तंत्र, तकनीकी साक्ष्यों और अथक प्रयासों से इस मुश्किल कार्य को संभव कर दिखाया।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी को चपेट में लिया

**उदयपुर, (कासं)।** गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में दूधमुंहे बच्चे की मौत हो गई, जबकि मां घायल हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र भानु कुमार शास्त्री एनक्लेव आर 5 निवासी मानवीक (3) पुत्र प्रकाश श्रीमाली की मौत हो गई तथा उसकी मां हर्षिता (26) पत्नी प्रकाश श्रीमाली गंभीर घायल हो गई। हर्षिता स्कूटी पर अपने बच्चे को लेकर दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर की तरफ जा रही थी, जहां बीच रास्ते अज्ञात वाहन ने स्कूटी को चपेट में ले लिया था। दोनों को घायलावस्था में चिकित्सालय पहुंचाया। जहां मानवीक की मौत हो गई।

## हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**नीमकाथाना, (निसं)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम संख्या-2 पूनम शर्मा के न्यायालय ने एक सनसनीखेज हत्या प्रकरण में दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

प्रकरण के अनुसार 7 दिसंबर 2014 की रात्रि में आरोपी राकेश कुमार पुत्र शिवपाल जाट निवासी रूपा का बास तन चिचड़ोली थाना खेतड़ी एवं आशा देवी पत्नी सतीश कुमार कुमावत निवासी मढोली तहसील नीमकाथाना ने मिलकर सुवा देवी पत्नी मोहनलाल कुमावत निवासी मढोली की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद दोनों ने सबूत छिपाने के उद्देश्य से मृतका का शव नाले में फेंक दिया था। इस संबंध में मृतका के पति मोहनलाल कुमावत द्वारा थाना नीमकाथाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जांच उपरांत दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर दोनों अभियुक्तों को धारा 302 सहपठित धारा 120-बी में आजीवन कारावास तथा दस हजार रुपये अर्थदंड, अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास, तथा धारा 201 में 3 वर्ष का कठोर कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड, अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास से दंडित किया है। मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता सत्यनारायण सैनी तथा राज्य पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक रामसिंह गुर्जर एडवोकेट ने पैरवी की। न्यायालय के इस निर्णय से मृतका के परिजनों ने न्याय मिलने पर संतोष व्यक्त किया है।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

बिड सूचना संख्या : जविप्रा/वाहन/2025-26-173683/डी-291 दिनांक : 07.11.2025

**बोली आमन्त्रण सूचना**

जयपुर विकास प्राधिकरण में वर्ष 2025-26 में राजकार्य सम्पादन हेतु जयपुर शहर व जयपुर शहर से बाहर जाने के लिए एक वर्षीय दर संविदा के लिए अनुमानित लागत 10.00 लाख निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 17.11.2025 व जविप्रा में ऑनलाईन भुगतान दिनांक 17.11.2025 को 6.00 बजे तक किया जा सकता है। विस्तृत विवरण को, जो कि निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है, अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in, व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

निविदादाता को निविदा में भाग लेने हेतु आवश्यक है कि :-

1. जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो। निविदा शुल्क व आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क केवल ऑनलाईन ही देय होगी। बोली प्रतिभूति ऑनलाईन की जा सकती है।
2. ऑनलाईन निविदा में भाग लेने हेतु राजस्थान सरकार के पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो।

UBN: JDA2526SSOB00490

राज.संवाद/सी/25/13451 अतिरिक्त आयुक्त (वाहन)


## चलती ट्रेन से संविदाकर्मी ने कचरा फेंका, वीडियो वायरल

**अजमेर, (कासं)।** रेलवे द्वारा ट्रेनों और स्टेशन पर स्वच्छता को बनाए रखने के लिए उत्तर- पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल ने सख्त कदम उठाते हुए पहली बार ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस स्टाफ के संविदा कर्मचारी को बर्खास्त किया है। रेलवे ट्रैक पर कचरा फेंकना छोटी लापरवाही मान लेते हैं, लेकिन अब यह आदत नौकरी भी छीन सकती है।

मामला अजमेर मंडल का सामने आया है, जहां अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस में तैनात ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) का कर्मचारी का चलती ट्रेन से कचरा फेंकने का वीडियो वायरल होने के बाद उसकी संविदा सेवा समाप्त कर दी गई और ठेकेदार पर भी जुर्माना लगाया है।

घटना चार नवंबर की है, जब एक रेल यात्री ने आगरा रेलवे स्टेशन से पहले ओबीएचएस कर्मचारी को चलती ट्रेन से कचरा फेंकते हुए का मोबाइल पर वीडियो बना लिया और जागरूक यात्री ने वीडियो को सात नवंबर को रेल प्रशासन के पोर्टल पर भेज दिया, जब उक्त वीडियो की जांच हुई प्रमाण सही पाए जाने पर 9 नवंबर को उक्त संविदा कर्मचारी को सेवा बर्खास्त कर दिया गया, साथ ही जिस ठेकेदार संस्था के माध्यम से वह काम कर रहा था उस पर भी जुर्माना लगाा गया है।



ट्रेन से कचरा फेंकते हुए संविदा कर्मचारी।

**अजमेर मंडल में पहला मामला** :-उत्तर-पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल में यह पहला मामला है, जब रेल प्रशासन ने ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस स्टाफ को बर्खास्त कर दिया। रेलवे, ट्रेन और स्टेशन की स्वच्छता कोई भावना नहीं यह कानूनी नियम है। रेलवे अधिनियम और स्वच्छता प्रोटोकॉल के तहत ट्रेन, प्लेटफॉर्म या ट्रैक पर कचरा फेंकना दंडनीय अपराध है। अजमेर मंडल के सीनियर डीसीएम मिहिर देव ने कहा कि रेलवे ने ओबीएचएस कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि कचरे का निस्तारण चयनित स्टेशनों पर रेल द्वारा निर्धारित सिस्टम के तहत ही किया जाए। घटना के बाद मंडल में हाउसकीपिंग स्टाफ को काउंसलिंग वेरीफिकेशन, सख्त मॉनिटरिंग और ऑन-स्पॉट वेस्ट डिसिप्लिन का अभियान शुरू किया गया है।

- **जागरूक रेल यात्री ने वीडियो बनाया, सात नवंबर को रेल प्रशासन के पोर्टल पर भेजा**
- **रेल प्रशासन ने संविदाकर्मी को नौकरी से बर्खास्त किया, ठेकेदार पर भी जुर्माना लगाया**

अजमेर मंडल के सीनियर डीसीएम मिहिर देव ने बताया कि जागरूक नागरिक 139 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। यात्री रेल मदद एप या वेबसाइट पर भी शिकायत भेज सकते हैं, यहां आने वाली सभी शिकायतों की जिम्मेदार अधिकारी द्वारा नियमित मॉनीटरिंग होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन रेलवे स्टेशन, ट्रेक और कोच में स्वच्छता को लेकर गंभीर है। यदि कोई कर्मचारी इस प्रकार की लापरवाही करता है तो उसे बर्दश्त नहीं किया जाएगा। यात्री सुविधाओं में सुधार के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## नकली शराब बेचने वाले दो लोग गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** अलवर की आबकारी पुलिस ने रविवार शाम भिवाड़ी की ओर से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार से दो आरोपियों राहुल व अवनेश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया आरोपियों के पास से लगभग 50 लीटर स्पिरिट और करीब 3,200 सील बंद डक्कन बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि ये बदमाश स्पिरिट से नकली शराब बनाकर ब्रांडेड बोतलों में भरते और सील बंद करके बाजार में सप्लाई करते थे।

आबकारी अधिकारी दिगंबर सिंह ने बताया कि स्पिरिट से तैयार नकली शराब पीने से स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आंखों की रोशनी प्रभावित होना, फेफड़ों को नुकसान और मौत का जोखिम मौजूद है। पुलिस ने बताया कि बदमाशों की लोकेशन तीन दिन से ट्रैक की जा रही थी और अंततः उन्हें पकड़ लिया गया। जब्त सामान व वाहन को सबूत के रूप में जब्त कर लिया गया है तथा आरोपियों राहुल व अवनेश के खिलाफ आबकारी और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले सिलीसेढ़ के पास पैंतपुर गांव में इसी तरह के मामले में छह लोगों की मौत भी हुई थी, उस घटना की जांच भी जिला प्रशासन द्वारा की जा रही थी।

**सड़क हादसे में कार चालक की मौत :** उदयपुर खेरोदा थाना क्षेत्र में हुए नील गाय से टकराने के बाद कार डिवाईडर से जा टकराई, जिससे चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 नवंबर रात में खेरोदा थाना क्षेत्र वाना ग्राम पंचायत के समीप नील गाय की टक्कर से कार डिवाईडर से जा टकराई। हादसे में कार सवार अर्जुन पुत्र गोपाल जोशी (19) निवासी हिंता भींडर गंभीर घायल हो गया। अर्जुन अपने चचेरे भाई के साथ कार में कीर की चौकी से रवाना होते हुए घर लौट रहा था। हादसे में गंभीर घायल होने पर अर्जुन को निजी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड बाडी जिला धौलपुर**

क्रमांक-1317 दिनांक-06.11.2025

**निविदा सूचना संख्या- 07/2025-26**

NIB CODE-PWD2526A4210 and UBN is: PWD2526WSOB16424, PWD2526WSOB16426, PWD2526WSOB16427, PWD2526WSOB16428 & PWD2526WSOB16429

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड बाडी जिला धौलपुर में कुल 5 नं. पर भवन कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए", "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड बाडी |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | भवन निर्माण कार्य |
| 2 | निविदा की कुल लागत | रु. 63.71 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्राम चालान पर ऑनलाइन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1) निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2) प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-(02) (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3) धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4 | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (वेबसाइट पर) | दिनांक 08.11.2025 प्रात 11.00 बजे दिनांक 12.11.2025 सायं 3.00 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (वेबसाइट पर) | दिनांक 06.11.2025 प्रात 11.00 बजे दिनांक 21.11.2025 सायं 3.00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तारीख (वेबसाईट पर) | दिनांक 13.11.2025 सायं 04.00 बजे |

DIPR/C/16472/2025 अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड बाडी



**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 (STSE–2025) कक्षा – 10

राज्य स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE–2025) कक्षा – 12

राज्य स्तरीय कला एवं वाणिज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE–2025) कक्षा – 12

**ऑनलाईन प्रवेश पत्र एवं केन्द्र सामग्री जारी करने की सूचना**

कक्षा 10 एवं कक्षा 12 हेतु राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE) 2025 का आयोजन रविवार 16.11.2025 को 09.00 AM से 01.00 PM तक राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इस परीक्षा हेतु केन्द्र सामग्री एवं परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है। सभी शाला/संस्था प्रधान उन्हें पूर्व प्रदत्त login ID / password की सहायता से प्रवेश पत्र डाउनलोड करें व हॉर्ड कापी निकालकर प्रमाणीकरण पश्चात् परीक्षार्थियों को वितरित करें। केन्द्राधीक्षक भी निर्धारित प्रकियानुसार केन्द्र सामग्री डाउनलोड करें। ऑनलाईन प्रवेश पत्र एवं केन्द्र सामग्री डाउनलोड संबंधी समस्या हेतु ए.सी.पी.(IT&C) से 0145–2632865, 2627454 पर तथा अन्य सहायता हेतु नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नं. 0145–2632866, 867, 868 एवं उप निदेशक (परीक्षा–I) से दूरभाष नं. 0145–2425770 पर सम्पर्क करें।

सचिव

# राजस्थान में महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही है भजनलाल सरकार

## मातृत्व पोषण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन, लखपति दीदी और लाडो प्रोत्साहन जैसी स्कीम्स में किए उल्लेखनीय कार्य

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राज्य की आधी आबादी आत्मनिर्भर बनने के साथ ही गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर रही है। जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र की उन्नति के लिए महिला, युवा, किसान और गरीब वर्ग के उत्थान के विजन पर आधारित है राज्य सरकार भ्ज्ञी महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य और उचित पोषण उपलब्ध कराने के साथ ही लिंगानुपात बेहतर करने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है।



**प्रदेश की स्कूली छात्राओं को स्कूटी वितरित करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा। (फाइल फोटो)**

भजनलाल सरकार ने प्रदेश में मातृत्व पोषण योजना के अंतर्गत 5 लाख लाभार्थी महिलाओं को 170 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत महिलाओं को दी जाने वाली राशि भी 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 6500 रुपये कर दी गई है।

अब तक इस योजना में 9.71 लाख महिलाओं को 530 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जा चुका है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और साथिनों के मानदेय में 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। किशोरियों और महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रदेश की 1 करोड़ 22 लाख महिलाओं व बालिकाओं को प्रतिमाह 12 सैनेटरी नैपकिन निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत महिला उद्यिमयों के 2273 आवेदन स्वीकृत करते हुए 199 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है। लखपति दीदी योजना के तहत 18.80 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण दिया है। ऐसी लगभग 11 लाख प्रशिक्षित महिलाएं अपनी आमदनी में वृद्धि कर लखपति दीदी बन चुकी है। महिला आजीविका संवर्धन के लिए 1.31 लाख स्वयं सहायता समूहों को 648 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं।

इसके अतिरिक्त 1.94 लाख स्वयं सहायता समूहों को 4704 करोड़ रुपये का ऋण भी प्रदान किया गया हैं। जनजाति समुदाय की महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में विशेष प्रयास करते हुए 90 वन धन विकास केंद्र गठित किए गए हैं, जिनसे 15 हजार 878 जनजातीय महिलाएं लाभान्वित हुई हैं।

राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बेटियों का भविष्य सुरक्षित बने तथा वे पढ़-लिख कर जीवन में आगे बढ़ें।

- **महिला उद्यमियों को 199 करोड़ रुपये तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को 4704 करोड़ रुपये का ऋण वितरित**
- **बेटी जन्म पर डेढ़ लाख, बेटियों को साईकिल, स्कूटी तथा सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग यूनिट का गठन**

इसी मंशा के साथ पात्र परिवारों में बेटी के जन्म पर लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये कर दी गई है। साथ ही, दूरस्थ शिक्षा को सुगम बनाने के लिए 10 लाख 51 हजार बालिकाओं को साइकिल और और 39 हजार 79 छात्राओं को स्कूटियां वितरित की गई हैं।

इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में अध्ययन के लिए 54 हजार 654 छात्राओं को 98 करोड़ की प्रोत्साहन राशि दी गई हैं। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं में भी 6 लाख 4 हजार बालिकाओं को लाभान्वित करते हुए 296 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक इस योजना में 558 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जा चुका है।

बेसहारा महिलाओं को सम्बल प्रदान करने के लिए एकल नारी सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत 19.15 लाख महिलाओं को 5702 करोड़ रुपये तथा विधवा पेंशन योजना के तहत 4.21 लाख महिलाओं को 624 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। कन्या विवाह हेतु पात्र परिवारों की 22 हजार 559 कन्याओं के विवाह के लिए 83 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया।

प्रदेश की महिलाओं को भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दृष्टि से राज्य सरकार ने 1 हजार कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन किया गया है।

इन यूनिट्स को गश्त के लिए 500 स्कूटी उपलब्ध कराई गई है और 2 हजार कांस्टेबल पदों का सृजन भी किया गया है। इसके अतिरिक्त तीन महिला बटालियन का गठन कर 2 हजार 216 नवीन पदों की स्वीकृति भी दी गई है।

# यूपीईएस ने आचार्य बालकृष्ण को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी उपाधि से किया सम्मानित

## आचार्य बालकृष्ण आचार्य के नेतृत्व में पतंजलि मॉडल देश का अग्रणी व्यवसाय मॉडल बना : डॉ. राम शर्मा



**उत्तराखण्ड स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज़ की ओर से 23वें दीक्षांत समारोह में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी उपाधि से सम्मानित किया गया।**

**हरिद्वार।** उत्तराखण्ड का अग्रणी विश्वविद्यालय यूपीईएस (यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज़) जो देश ही नहीं विश्व रैंकिग में शुमार होता है, इसके स्कूल ऑफ बिज़नेस के 23वें दीक्षांत समारोह में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जहाँ उन्हें उनकी अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए सर्वोच्च शैक्षिणक डिग्री डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच-डी मानद उपाधि) उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पहुँचने पर सर्वप्रथम यूपीईएस प्रबंधन, विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने आचार्य बालकृष्ण का स्वागत अभिनंदन किया।

- **आचार्य बालकृष्ण आचार्य के नेतृत्व में पतंजलि मॉडल देश का अग्रणी व्यवसाय मॉडल बना : डॉ. राम शर्मा**

आचार्य ने कहा कि सेवा में निरंतरता, सेवा में समर्पण तथा सेवा में संलग्नता ही हमारी शक्ति है। कार्यक्रम में यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने मानवता की सेवा में आचार्य बालकृष्ण के समर्पण एवं निःस्वार्थ योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आपसे प्रेरणा प्राप्त कर खातक छात्र-छात्राएँ अपने जीवन कि नयी पारी नव-ऊर्जा के साथ आरंभ करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि आचार्य बालकृष्ण के कुशल नेतृत्व में पतंजलि मॉडल आज देश का एक अग्रणी व्यवसाय मॉडल बन गया है। पतंजलि मॉडल भारतीय परंपराओं के अनुरूप ग्राहकों के विश्वास को और मजबूती से आगे बढ़ाता है।

देश के प्रतिष्ठित उद्यमी आज पतंजलि मॉडल से प्रेरणा ले रहे हैं। इस सम्मान के लिए आचार्य ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुनील रॉय, कुलपति डॉ. राम शर्मा, प्रति कुलपति डॉ. जय शंकर, कुलसचिव प्रो. मनीष मदान, निदेशक स्कूल बिजनेस प्रो. राहुल नैनवाल, डीन-रिसर्च डॉ. अश्विनी नांगिया, एमडी, स्क्लम्बर्गर ललित अग्रवाल, अकेडमिक काउंसिल तथा गवर्निंग बॉडी के सदस्यों तथा सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भजनलाल सरकार द्वितीय वर्षगांठ पर देगी 20 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## इनमें पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और नगरीय आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाएं शामिल होंगी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर दिसंबर माह में 20 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इन कार्यों में पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और नगरीय आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाएं शामिल होंगी, जो प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास की नई लहर लेकर आएंगी।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में उच्चतम गुणवत्ता के मापदण्डों के साथ पूरा किया जाए।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में उच्चतम गुणवत्ता के मापदण्डों के साथ पूरा किया जाए। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक विकास योजना का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे और इसका वास्तविक प्रभाव गांव, ढाणी, नगर और शहर के अंतिम व्यक्ति तक महसूस किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्य केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि जनता के जीवन में सुधार के रूप में दिखाई देने चाहिए। राज्य सरकार का उद्देश्य जनता से किए गए वादों को धरातल पर उतारना है। उन्होंने कहा कि शिलान्यास किए जाने वाले कार्यों की टेंडर प्रक्रिया अग्रिम चरण में है ताकि परियोजनाओं के कार्य शीघ्र आरंभ हो सकें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी योजना में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।राज्य सरकार के ये कार्य प्रदेश के समग्र विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे। इन कार्यों में जल जीवन मिशन, ग्रामीण सड़कों के विस्तार, ऊर्जा वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन, चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और नगरीय विकास परियोजनाओं को मुख्य रूप से शामिल किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य का समग्र विकास हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर गांव, हर मोहल्ला और हर परिवार तक विकास की किरण पंहुचाने का हमारा संकल्प है। इन विकास कार्यों का शिलान्यास यह इंगित करता है कि राज्य सरकार के वादे केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर तेजी से उतर रहे हैं।

# खरीफ फसल खराबे में कृषि अनुदान को सीएम की स्वीकृति

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस वर्ष अतिवृष्टि से खरीफ फसल में हुए नुकसान को लेकर संवेदनशील निर्णय किया है। उन्होंने प्रभावित 31 जिलों के 50 लाख से अधिक किसानों के लिए अनुदान वितरण की स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार प्रभावित किसानों को एसडीआरएफ से कृषि अनुदान वितरित करने की मंजूरी दी गई है। इसके तहत 31 जिलोंमें खराबे से प्रभावित गांवों को अभावग्रस्त घोषित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है।

इससेउक्त जिलों के 50 लाख से अधिक किसानों को एक हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि राहत के रूप में मिलेगी। शर्मा ने सभी जिला कलेक्टर्स को सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर यथाशीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार खराबे का आंकलन कर त्वरित रूप से किसानों को अनुदान वितरण स्वीकृत कर रही है।

# वरिष्ठ रंगकर्मी पवन शर्मा का निधन

## परिजनों ने उनकी पार्थिव देह निम्स अस्पताल को दान की



**वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. पवन शर्मा**



**निम्स अस्पताल परिसर में वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. पवन शर्मा को सभी डॉक्टर्स और मेडिकल स्टूडेंट्स ने श्रद्धांजलि अर्पित की।**

**जयपुर (कासं)।** जयपुर रंगमंच के वरिष्ठ रंगकर्मी पवन शर्मा का रविवार 9 नवंबर को निम्स अस्पताल में निधन हो गया। पवन शर्मा की इच्छा को ध्यान में रखते हुए परिवारजनों ने निम्स अस्पताल को उनकी देहदान कर दी। इस दौरान निम्स अस्पताल परिसर में सभी डॉक्टर्स और मेडिकल स्टूडेंट्स ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद निम्स प्रांगण में उनके नाम का पौधा भी लगाया गया। बहुत कम उम्र से रंग मंच से जुड़े पवन शर्मा बेहतरीन अभिनेता, निर्देशक और प्रकाश संचालक थे। वे पिछले करीब 15 सालों से रंग कर्मियों को तथा जूनियर नाट्य कार्यशाला में युवा पीढ़ी को प्रशिक्षण दे रहे थे और बेहद लोकप्रिय टीचर थे। राजपूताना, रॉन्ग नम्बर, पंचनामा, चंपाकली का राम रुपैया, हत्त तेरी किस्मत, वेटिंग फॉर गॉड, कोऊ संत मिले बड़भागी, मैं एक अभिनेता था...उनके लोकप्रिय नाटक हैं। पवन शर्मा के उनके अचानक चले जाने से रंगमंच जगत गहरे शोक में है। रंगकर्मियों ने कहा कि, स्व. पवन शर्मा मंच के प्रति अनुशासन और समर्पण के प्रतीक थे।

# खामियों का फायदा उठाने वालों को नहीं दी जा सकती राहत, विभाग भी दुरुस्त करे कमियां : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने करीब 100 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी से जुडे मामले में फर्म की ओर से विभागीय कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता फर्म पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। अदालत ने विभाग को कहा कि वह नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई को आगे बढाए। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश कोरफेक्स इंडस्ट्रीज प्रा. लि. की ओर से दायर याचिका को खारिज करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि खामियों का फायदा उठाने वाले लोगों को राहत नहीं दी जा सकती। ऐसे में जीएसटी विभाग को चाहिए कि वह इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम की कमियों को दुरुस्त करे। अदालत ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि जो व्यक्ति कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग कर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाते हैं, उन्हें अदालत राहत नहीं दे सकती। अदालत ईमानदार करदाताओं की रक्षा के लिए है, न कि कानून का दुरुपयोग करने वालों के लिए। अदालत ने माना कि भले की विभाग के अधिकारियों ने प्रक्रिया में कुछ तकनीकी त्रुटियां की हों, लेकिन मामला कर चोरी और सार्वजनिक धन की हानि से जुड़ा है।

याचिका में कहा गया कि जीएसटी विभाग ने गत 30 जुलाई को कंपनी के परिसर में छापा मारा और एक मालवाहक वाहन को जब्त किया। विभाग की यह कार्रवाई तकनीकी रूप से गलत थी। क्योंकि वाहन पहले की परिसर में पहुंच चुका था और इसे इन-ट्रांजिट नहीं कहा जा सकता था। याचिकाकर्ता ने वैध बिलों के जरिए लैड खरीदा था।

ऐसे में विभाग की कार्रवाई को रद्द किया जाए। जिसका विरोध करते हुए एएसजी भरत व्यास ने कहा कि याचिकाकर्ता ने करीब सौ करोड़ का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया है। जो कंपनियां बताई जा रही है, वे अस्तित्व में ही नहीं थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

# जयपुर जोधपुर व कोटा में निगम आयुक्त बनाये

**जयपुर।** राज्य सरकार ने सोमवार देर रात आदेश जारी कर जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम में आयुक्त बनाये हैं। आदेश के मुताबिक जयपुर ग्रेटर निगम के कमिश्नर डॉ. गौरव सैनी को जयपुर नगर निगम आयुक्त का कार्यभार सौंपा गया है, जबकि जयपुर हेरिटेज निगम की आयुक्त डॉ. निधि पटेल को आगामी आदेश तक एपीओ किया है। इसी प्रकार कोटा नगर निगम का कार्यभार आरएएस ओमप्रकाश मेहरा को सौंपा है,वे कोटा दक्षिण निगम के आयुक्त थे। कोटा उत्तर निगम आयुक्त अशोक कुमार त्यागी को एपीओ किया गया है। इसी प्रकार जोधपुर नगर निगम का कार्यभार आईएएस सिद्धार्थ पालानीचामी को सौंपा गया है।

# 'अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं, हाउसिंग बोर्ड व जेडीए 4 सप्ताह में पालना रिपोर्ट पेश करे'

## हाईकोर्ट ने सांगानेर में आवासन मंडल की अवाप्तशुदा जमीन पर बसी अवैध कॉलोनियों व अतिक्रमण मामले में आदेश दिए

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सांगानेर इलाके में आवासन मंडल की अवाप्तशुदा जमीन पर बसी अवैध कॉलोनियों व अतिक्रमण मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए कहा कि अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं आवासन मंडल व जेडीए को निर्देश दिए हैं कि वह अवैध निर्माण को ध्वस्त कर चार सप्ताह में जवाब सहित पालना रिपोर्ट पेश करें।

एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा व जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने यह आदेश पब्लिक अगेंस्ट करप्शन संस्था की पीआईएल पर दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता पूनम चंद भंडारी व डॉ. टी एन शर्मा ने अदालत को बताया कि जेडीए व आवासन मंडल ने अभी तक पूर्व में दिए अदालती आदेश की पालना नहीं की है। इसलिए जेडीए व आवासन मंडल को निर्देश दिए जाएं कि वे खाली भूखंडों पर कब्जा करें। वहीं इस दौरान सांगानेर में बसी कॉलोनियों की ओर से कई विकास समितियों ने भी मामले में पक्षकार बनने का प्रार्थना पत्र लगाया। जिसमें सन्नी विकास समिति व श्री राम कॉलोनी के प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई हुई।

अदालत ने समिति के पदाधिकारियों के नाम पूछे तो विकास समिति बता नहीं पाई। वहीं कई समितियों के प्रार्थना पत्र अदालत के रिकॉर्ड पर ही नहीं आए। उनकी ओर से सीनियर एडवोकेट अजीत शर्मा ने कहा कि उनका प्रार्थना पत्र पत्रावली पर नहीं आ पाया है। जिस पर अदालत ने कहा कि इंटर्वीनर के तौर पर उनका पक्ष भी सुना जाएगा। वहीं राज्य सरकार व आवासन मंडल की ओर से सीनियर एडवोकेट कमलाकर शर्मा ने कहा कि आवासन मंडल ने करीब 5 हजार बीघा जमीन अवाप्त की थी। इसमें कई लोग मकान बनाकर रह रहे हैं और करीब एक हजार बीघा से ज्यादा जमीन खाली है। इस पर खंडपीठ ने उन्हें कहा कि हमें सरकारी अवाप्त शुदा भूमि की चिंता है, सभी अतिक्रमण तुरंत हटाए जाने चाहिए। इस पर राज्य सरकार ने 8 सप्ताह का समय मांगा।

जिस पर अदालत ने 9 दिसंबर तक का समय देते हुए कहा कि इसके बाद समय नहीं दिया जाएगा। उसी दिन पीडित पक्षकारों के प्रार्थना पत्रों पर भी बहस सुनी जाएगी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 20 अगस्त 2025 के अंतरिम आदेश से राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह हाउसिंग बोर्ड की अवाप्तशुदा जमीन से अतिक्रमण हटाकर उन्हें ध्वस्त करे। वहीं उन अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करे जिन्होंने अवैध निर्माण मंजूर किए थे।

# स्वच्छता को लेकर मंत्री मदन दिलावर ने दिखाई सख्ती

## मंत्री ने अफसरों को चेतावनी दी है कि, स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**जयपुर (कासं)।** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी अब यदि कहीं भी लापरवाही दिखाई दी या नियमित सफाई नहीं हो रही होगी तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मंत्री दिलावर आज यहां सचिवालय में आयोजित पंचायती राज विभाग से जुडे अधिकारियों एवं प्रदेश के समस्त जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित बैठक में मंत्री दिलावर ने कहा कि लंबे समय से सभी ग्राम पंचायत को प्रतिदिन सफाई करने और कचरा संग्रहण के निर्देश दिए जा रहे हैं, परंतु अभी भी गांव में गंदगी मिल रही है। यह गंभीर लापरवाही है,इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा! सभी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इसको देखें और जहां अधिकारी लापरवाही कर रहे हैं,उनके खिलाफ कार्यवाही करें।



**पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को सचिवालय में विभागीय अधिकारियों एवं प्रदेश के समस्त जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक की।**

मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सहायक विकास अधिकारी से लेकर पंचायत राज विभाग के ऊपर के सभी अधिकारी प्रति माह चार रात्रि गांव मे विश्राम व नियमित ग्राम पंचायत का निरीक्षण अनिवार्य रूप सें करें, जिसमें स्वच्छता का निरीक्षण भी शामिल है!

मंत्री दिलावर ने कहा कि 2 अक्टूबर, गांधी जयंती के दिन आयोजित ग्राम सभा में प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक चारागाह एक पंचायत गतिविधि तथा जलाशय, कुंड, बावड़ी की मरम्मत व अतिक्रमण हटाने के प्रस्ताव लेने थे !यदि किसी ग्राम पंचायत में यह प्रस्ताव नहीं लिए गए हैं, तो आगामी 15 नवंबर तक उक्त पंचायत में ग्राम सभा आयोजित कर प्रस्ताव लेकर भेजे जाएं। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि ग्राम सभाओं की बैठकें सार्वजनिक रूप से आयोजित हों और उनकी फोटो, वीडियो व मिनट्स राजस्थान पंचायत पोर्टल एवं सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाएँ, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को लोगों को ग्राम सभाओं में अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करने और योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए! मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रतिदिन प्रात: 9:35 पर कार्यालय में उपस्थित सभी कार्मिक सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन करेंगे तथा शाम को 5:55 पर सभी कार्मिक सामूहिक रूप से राष्ट्रगान जन गण मन का गायन कर कार्य दिवस का समापन करेंगे।

- **प्रतिदिन वंदे मातरम और राष्ट्रगान का समय भी निर्धारित किया**

बैठक में शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग डॉ जोगाराम, अतिरिक्त आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव बृजेश चंदोलिया, निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सलोनी खेमका सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री की प्रदेश के युवाओं को सौगात

**जयपुर (कासं)।** राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए बड़ी सौगात लेकर आई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य में दिसंबर महीने में "रोजगार उत्सव" आयोजित कर 20 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह आयोजन नियुक्तियों का उत्सव होने के साथ ही प्रदेश में रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय भी खोलेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को सभी लंबित भर्तियों को शीघ्र निस्तारित कर पात्र अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द नौकरी देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, युवा शक्ति ही राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत है। सरकार का प्रयास है कि हर योग्य युवा को सम्मानजनक रोजगार मिले, ताकि उसकी ऊर्जा प्रदेश निर्माण में लग सके।दिसंबर माह में राज्यभर में आयोजित होने वाले रोजगार मेलो में विभिन्न विभागों की चयन प्रक्रियाएं पूरी कर अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री की पहल पर रोजगार उत्सव के दौरान जेल विभाग में 900 जेल प्रहरी, पशुपालन विभाग में 2,500 पशुधन सहायक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में लगभग 14,000 पद, ग्रामीण विकास विभाग में करीब 2,600 पद और खान विभाग में 100 से अधिक नियुक्तियां दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में अब तक लगभग 92 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्राप्त हो चुके हैं। दिसंबर माह में 20 हजार अतिरिक्त नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कुल एक लाख 12 हजार युवाओं को नियुक्तियां मिल जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती से जुडी सभी प्रक्रियाएं विज्ञापन जारी करने से लेकर परीक्षा आयोजन, परिणाम घोषणा और दस्तावेज़ सत्यापन तक का कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाएं।

## सार-समाचार

### राजपूत छात्रावास सायला में सभा हुई

**सायला**, (निसं)। श्री जलंधरनाथ राजपूत छात्रावास सायला में सोमवार को संस्थान के अध्यक्ष रतन सिंह तूरा की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में छात्रावास से जुडे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभा में संस्थान की दुकानों को किराए पर देने, छात्रावास में नवीन भवन निर्माण की रूपरेखा तैयार करने, छात्रावास की आय के स्त्रोतों को बढावा देने तथा छात्रावास संचालन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोडने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर 4 जनवरी को आयोजित होने वाली आम सभा में नई कार्यकारिणी घोषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि चार जनवरी को प्रस्तावित आम सभा में लिए जाने वाले निर्णयों को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। इस अवसर पर दलपत सिंह तूरा ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जबकि दीप सिंह दूदवा ने कार्य म का संचालन किया। इस दौरान रतन सिंह तूरा, सूरजपाल सिंह सुराणा, भंवर सिंह थलुंडा, नाथू सिंह तीखी, डॉ. उदय सिंह सोढा, करण सिंह थलवाड, परबत सिंह पोषाणा, मूल सिंह चौराउ, झुंझार सिंह सांगाणा, भरत सिंह दूदवा, आंब सिंह चौराऊ, करण सिंह सोढा, महेंद्रपाल सिंह पोषाणा, विजय सिंह तिलोडा, बाबू सिंह तालियाणा, नरेंद्र सिंह आसाणा, भवानी सिंह देता, एडवोकेट समंदर सिंह निंबलाना, लाल सिंह बोरवाडा, महेंद्र सिंह आलासन, मदन सिंह दूदवा, नाथू सिंह तालियाना, जसवंत सिंह बावतरा, गणपत सिंह सांगाना, पन्ने सिंह पोषाणा, गणपत सिंह भाटा, लाख सिंह मोकनी, विजय सिंह बावतरा, रावत सिंह उनडी, जगत सिंह चौराऊ सहित काफी समाजबंधु उपस्थित रहे।

### सर्दी की रंगत दिखने लगी

**जोधपुर**, (कासं) । शहर में अब सर्दी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। यहां सुबह और रात के समय ठंड का असर देखने को मिल रहा है। शहर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा है। वही अधिकतम तापमान 30 डिग्री के आसपास चल रहा है। ठंड के असर के साथ ही अब लोगों की दिनचर्या भी बदल रही है। जोधपुर के काजरी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के मुताबिक आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। वहीं न्यूनतम तापमान में भी हल्की गिरावट देखने को मिलेगी। इस दौरान 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का भी अनुमान है। मौसम विज्ञान के वैज्ञानिकों के मुताबिक आने वाले दिनों में ठंड का असर धीमे-धीमे पड़ेगा। हालांकि इस हफ्ते तापमान में मामूली गिरावट नजर आ सकती है लेकिन आने वाले दिनों में सर्दी का एहसास भी बढ़ जाएगा। सोमवार को यहां अधिकतम तापमान 31 व न्यूनतम तापमान 12.2 दर्ज किया गया। किसानों के लिए उन्नत किस्म के बीजों के साथ गेहूं, जौ, चना, ईसबगोल, मेथी की बुवाई करने को लेकर सलाह दी गई है। पशुपालन करने वाले लोगों को पशुओं को छप्पर में बांधने की सलाह दी गई है।

### सैन्य ट्रक से बाइक सवार की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के निकटवर्ती बंबोर हाइवे पर बाइक सवार युवक सैन्य ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। उसके भाई की तरफ से सेना ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी गई। घटना रविवार दोपहर की है। पुलिस ने आज शव का पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द किया। झंवर थाने के एएसआई भीमसिंह ने बताया कि शेरगढ़ थानान्तर्गत रणजीत नगर रामनगर निवासी 27 साल का दुर्गाराम पुत्र मानाराम मेघवाल अपनी बाइक लेकर बंबोर हाईवे से निकल रहा था। संभवत: उसने अचानक से गाड़ी का टर्न ले लिया, जिससे पीछे चल रहा सेना का ट्रक उसमें घुस गया और वह चपेट में आ गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे एमडीएम अस्पताल लाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। मृतक दुर्गाराम के भाई दानाराम की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। एएसआई भीमसिंह ने बताया कि मामले में अग्रिम जांच की जा रही है। शव का आज पोस्टमार्टम करवा परिजन को सौंपा गया।

### वाश नष्ट की, महिला गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) । पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देशासुनार सोमवार की अलसुबह कमिश्नरेट में एरिया डोमिनेशन चलाया गया। हरेक थाना क्षेत्र में पुलिस की टीमों ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के साथ आबकारी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट में प्रकरण बनाए। शहर के मसूरिया नट बस्ती में रेड दी गई और वहां अवैध शराब की भट्टियों को नष्ट किया गया। 100-150 लीटर वाश नष्ट करने के साथ महिला को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देशानुसार जिला पूर्व एवं पश्चिम की पुलिस ने अपने अपने थाना क्षेत्रों में अलसुबह संदिग्ध स्थानों को चिन्हित कर कार्रवाई की। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने वाले, आम्र्स एक्ट एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ की। मसूरिया नट बस्ती में महिला को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया, वहीं शराब की भट्टियों को तोडक़र 100-150 लीटर वॉश को भी नष्ट किया गया। वारंटी के साथ शांतिभंग करने वाले एक शख्स को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### कथा के लिए कलश यात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। शहर के महेश वाटिका में आयोजित हो रही भागवत कथा व नानी बाई का मायरा का आयोजन शर्मा परिवार की ओर से किया जा रहा है। जिसको लेकर सोमवार सुबह रघुनाथ जी मंदिर से एक कलश यात्रा निकाली। सुबह बैंड बाजा के साथ कलश यात्रा रवाना हुई। जिसमें दर्जनों महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए चुनरी की साड़ी पहनकर चल रही थी। वहीं पुरुष गले में केसरिया दुपट्टा डाले चल रहे थे। आयोजक दामोदर शर्मा पत्नी सहित सर पर कथा पोती लिए चल रहे थे। एक रथ पर कथा वाचक राम प्रसाद संत राम द्वारा सूरसागर विराजमान थे। कलश यात्रा रघुनाथ जी मंदिर से रवाना होकर सिंधी कॉलोनी होते हुए अग्रसेन भवन महेश वाटिका पहुंची, जहां पर भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बनी गोपाल, विजय राज गोड़ हीरालाल, गोवर्धन जोशी, मनीष शर्मा सहित कई नागरिक मौजूद थे। कथा रोजाना 12.30 से 5 बजे तक चलेगी।

### निजी स्कूल संचालक ने दी जान

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के शेरे विलास एयरफोर्स क्षेत्र में रहने वाले निजी स्कूल संचालक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। फिलहाल सुसाइड नोट मिलने से भी पुलिस ने इंकार किया है। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि सुभाष एंक्लेव एयरफोर्स एरिया में शेरे विलास में अपने घर में निजी स्कूल संचालक 51 साल के अखंड प्रतापसिंह ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन को पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया, मगर डॉक्टर ने चैक कर मृत बता दिया। थानाधिकारी रामकृष्ण ताडा ने बताया कि आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। कमरें से सुसाइड की बात से उन्होंने इंकार किया। इस बारे में मृतक की पत्नी विनीता सिंह ने मर्ग में रिपोर्ट दी है। फिलहाल मामले में अठिाम जांच की जा रही है।

### बीएलओ ने घर-घर जाकर फार्म बांटे

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में मंगलवार 4 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र वितरण प्रारंभ हो गया है। जिले में अब तक दिन में 6 लाख 95 हजार 750 (45.68 प्रतिशत) गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 15 लाख 23 हजार 143 हैं, जिसमें से 45.68 प्रतिशत मतदाताओं को ईएफ फार्म का वितरण किया जा चुका हैं। बीएलओ 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र(ईएफ) फॉर्म भरवाने के कार्य कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गांवडे ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा कर स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें।

### एसयूवी की टक्कर से युवक की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । लोहावट थाना क्षेत्र में फलोदी-नागौर राजमार्ग पर एक सडक़ हादसे में बीस वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना आऊ क्षेत्र के शैतान सिंह नगर मुख्य बस स्टेशन के पास रात को हुई। युवक को एक एसयूवी वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार छीला निवासी जसराज पिछले काफी समय से शैतान सिंह नगर में एक मोटर पंप की दुकान पर काम करता था। रविवार रात करीब दस बजे वह स्टेशन रोड से फलोदी-नागौर राजमार्ग 19 पार कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि जसराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही लोहावट पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू की।

# आयुष्मान मंदिर से चिकित्सा सेवाएं सुदृढ़ होंगी : जोराराम

**पाली/सुमेरपुर**,(नि.सं.)। विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर की तख्तगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में स्थानीय विधायक व पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के प्रयासों से सोमवार को एक साथ दो शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन हुआ।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित किए जाने वाले तख्तगढ़ के खारसियावास व गोगरा-राजपुरा रोड पर इन शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में आयोजित समारोह में संबोधित करते हुए कुमावत ने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने को सदैव तत्पर है। तख्तगढ़ में ये दो आरोग्य मंदिर खुलने से कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा। शहरी आरोग्य आयुष्मान मंदिर खुलने से चिकित्सा सेवाएं सुदढ़ हुई हैं क्योंकि यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। ये आरोग्य मंदिर निवारक से लेकर उपचारात्मक सेवाओं तक की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं, जिनमें मुफ्त ओपीडी, दवाएं और जांच शामिल हैं, जिससे समुदायों को व्यापक और सुलभ देखभाल मिलती है। इससे लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के लिए भी बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।



तख्तगढ़ के खारसियावास व गोगरा-राजपुरा रोड पर शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने उद्घाटन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

#### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संविदाकर्मी लगेंगे

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तख्तगढ़ की राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसाइटी की बैठक कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में हुई। इसमें सीएचसी की चिकित्सा सेवाएं और अधिक सुदढ़ करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें खासकर भवन की मरम्मत, चिकित्सा उपकरण व संविदाकर्मियों की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव पारित किए गए।

बीसीएमओ डॉ. गोविंद सिंह चूंड़ावत ने बताया कि भवन की मरम्मत को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग को तकमीना बनाने के लिए पत्र भिजवाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा चिकित्सालय में आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए सभी ने सहमति जताई। साथ ही चिकित्सा सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्तियां करने का भी निर्णय लिया गया। इसके तहत एक असिस्टेंट रेडियोग्राफर, दो कम्प्यूटर ऑपरेटर, पांच सुरक्षाकर्मी, एक निश्चेतना विशेषज्ञ (एनएचएम) सिजेरियन डिलेवरी हेतु की संविदा के आधार पर रखने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश आशा सहयोगिनी संघ भामस के प्रदेश उपाध्यक्ष कंचन मालवीय के नेतृत्व आशा सहयोगिनी कार्मिकों के दस प्रतिशत मानदेय वृद्धि पर आभार ज्ञापित करते हुए मंत्री कुमावत को माला पहनाकर, साफा बांधकर व शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया

#### अणगौर के उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

कुमावत ने सीएचसी भवन में समारोह के दौरान ग्राम पंचायत गलथनी के गांव अणगौर के उप स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही मंत्रा कुमावत ने दुजाना व पावा में बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नए भवन निर्माण की शिला पटिटकाओं का शिला पूजन भी किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक भवन के निर्माण पर 159 लाख रुपए आएगी।

इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष ललित रांकावत, उपाध्यक्ष मनोज नामा, मंडल अध्यक्ष पारस घांची, महिला मोर्चा अध्यक्ष मीना रावल, पार्षद शर्मिला कुमारी देवाराम चौधरी, सुरेश सुथार, जगदीश दमामी, पार्षद प्रतिनिधि सुधीर चौधरी, शेषमल कुमावत, मुकेश सुथार, एसडीएम कालूराम कुम्हार, डीवाईएसपी जितेंद्र सिंह, डॉ. एके मौर्य, डॉ. सुरेश चौधरी, डॉ अनुपम राजपुरोहित, डॉ. नीतू मालवीय, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. कुशल कौशल दिवाकर, नर्सिंगकर्मी परशुराम, हीरालाल, नरेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, सीनियर फार्मासिस्ट मनोज, संध्या शर्मा, रतन देवासी आदि उपस्थित रहे।

# 260 अधिकारियों-जवानों की 54 टीमों ने 349 स्थानों पर दबिश दी

**जोधपुर**, (कासं) । पुलिस आयुक्तालय जोधपुर की पुलिस ने वांछित अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आज सुबह चार से सात बजे तक एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। इस दौरान 260 अधिकारियों और जवानों की 54 टीमों ने 349 स्थानों पर दबिश दी। अभियान के दौरान 148 हिस्ट्रीशीटर व 8 हार्डकोर अपराधियों को चैक किया। साथ ही कई वांछितों को गिरफ्तार भी किया।

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देशासुनार सोमवार अलसुबह कमिश्नेट में एरिया डोमिनेशन चलाया गया। प्रत्येक थाना क्षेत्र में पुलिस की टीमों ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के साथ आबकारी, एनडीपीएस एक्ट, आम्र्स एक्ट में प्रकरण बनाए। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में डीसीपी पश्चिम विनीत कुमार बंसल व कार्यवाहक डीसीपी पूर्व शहीन सी. के सुपरविजन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व, पश्चिम तथा समस्त वृत सहायक पुलिस आयुक्तों के नेतृत्व में समस्त पुलिस थानाधिकारियों से अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित करवाई गई। टीमों ने वांछित अपराधियों को टारगेट करते हुए उनके रिहायशी व संभावित ठहरने के स्थानों पर दबिश दी।

अभियान के दौरान स्थाई वारंटी, उद्घोषित वारंटी व 335 बीएनएसएस 2023 में 11 वांछित अपराधी पकड़े गए। अभियान के दौरान आम्र्स, एनडीपीएस, आबकारी एक्ट, हत्या, हत्या का प्रयास लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में एक और विभिन्न थानों के सामान्य प्रकरण में 16 वांछितों की गिरफ्तारी की गई। एनडीपीएस व आम्र्स एक्ट के चालनशुदा 77 अपराधियों को चैक किया गया। इसके साथ ही 148 हिस्ट्रीशीटर एवं आठ हार्डकोर अपराधियों को चैक किया।

पुलिस थाना खाण्डाफलसा, देवनगर व बासनी द्वारा एक प्रकरण आबकारी अधिनियम व विवेक विहार द्वारा एक प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। वहीं बीस व्यक्तियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई।

# वीर वीरमदेव की प्रतिमा के अनावरण पर चर्चा की

**भीनमाल**, (निसं)। जालोर के गौरव वीर वीरम देव की स्मृति को संजोने के उद्देश से जालोर में बनी 27 फीट की अष्ट धातु की प्रतिमा के प्रस्तावित अनावरण को लेकर सोमवार को नगर के चंडीनाथ मंदिर में स्थानीय नागरिकों की एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में निर्माण अनावरण समिति के प्रमुख जोधपुर के पुलिस निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने भीनमाल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि कान्हडदेव और वीरमदेव न केवल जालोर बल्कि समूचे मारवाड के गौरव है। मुगल आक्रांता अलाउद्दीन खिलजी से लोहा लेने और प्राणोत्सर्ग करने वाले इन सपूतों का गौरवशाली इतिहास हर देशभक्त के भीतर जज्बा पैदा करता है। उनकी स्मृति को संजोने के लिए अष्टधातु की एक 27 फीट की विशाल प्रतिमा का निर्माण किया गया है। उनकी इस प्रतिमा का अनावरण निकट भविष्य में प्रस्तावित है जिसमें जिले भर से राष्ट भक्त नागरिकों को भाग लेना चाहिए। इस हेतु बैङ्गक में ही एक समिति का गठन किया गया।

बैठक में समाजसेवी एवं एडवोकेट श्रवणसिंह राठौड, शेखर व्यास, प्रेमाराम बंजारा, कन्हैयालाल खंडेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार माणकमल भंडारी, श्याम खेतावत, पहाडसिंह राव, रविशंकर दवे, मोहनसिंह सिसोदिया, किशोर सांखला, दिनेश कुमार दवे, सालुराम देवासी, सुरमसिंह सोलंकी, सतीश सेन, सुरेश नामा, वासुदेव अवस्थी सहित कई जने मौजूद रहे।

# कबड्डी में नारणावास प्रथम



जालोर शहर के निकट लेटा ग्राम में सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के निकट लेटा में आयोजित सांसद खेल महोउत्सव कलस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ समारोह सोमवार को लेटा एवं भैंसवाडा मठ के महंत रणछोड भारती के सानिध्य में आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि हरीश कुमार सांखला थे। जबकि अध्यक्षता प्रमोद कुमार चौहान ने की। निर्णायक नरेंद्र सिंह महेशपुरा व रूप सिंह राठौड नारणावास ने बताया की। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलो में दमखम दिखाकर जीत हासिल की।

कबड्डी के पुरुष वर्ग में नारणावास ने भागली सिंधलान को 31-19 से हराकर कलस्टर स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में भागली सिंधलान ने सामतीपुरा को 27-11 से हराकर कलस्टर स्तर पर पहला स्थान हासिल किया।

इसी प्रकार महिला खो - खो वर्ग मे सामती पुरा ने लेटा को व पुरुष वर्ग मे लेटा ने नारणावास हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया।निर्णायक मंडल मे अर्जुन सिंह देलदरी, नरेंद्र सिंह महेशपुरा, रूप सिंह राठौड नारणावास, हिम्मत सिंह, लादू राम, पूनम सिंह कलापुरा आदि शामिल है।

इस अवसर पर अनिल कुमार, प्रेम विश्नोई, रमेश कुमार सिंह, आनंद सिंह, विजय राजपुरोहित, रघु नाथ विश्नोई,कूपा राम, रतन लाल, रता राम परमार, भंवरू खान पठान, ईश्वर लाल, सिकंदर खान, दिनेश परमार, हिम्मत कुमार आदि मौजूद थे।

# 164 चालान के साथ 9.21 लाख जुर्माना लगाया

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के साथ नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

जिला परिवहन अधिकारी अक्षय विश्नोई ने बताया कि प्रवर्तन उड़न दस्तो की ओर से 9 नवंबर तक 164 चालान बनाने के साथ 9.21 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया। इसमें 13 ऑवरलोड वाहनों के खिलाफ चालान बनाकर 2.04 लाख रूपए जुर्माना राशि लगाई गई। उन्होंने बताया कि 8 नवंबर को उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय यातायात बाडमेर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 36 व्यक्तियो ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह रविवार को निजी बस आपरेटर्स की चौहटन चौराहा पर आयोजित कार्यशाला में 57 व्यक्तियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान 4 से 9 नवंबर तक नियम विरुद्व वाहन संचालन करने वाले 311 चालकों के लाईसेस निलंबन के नोटिस जारी किए गए। परिवहन विभाग के उड़न दस्तों की ओर से 40 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टैप लगाए गए।

# नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास के आरोपी को पांच साल का कारावास

**जालोर**, (कासं)। पोक्सो न्यायालय जालोर के विशिष्ट न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने सोमवार को नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी गोपाराम को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई।

विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित के अनुसार पीडिता की माता ने पुलिस थाना सायला में रिपोर्ट पेश कर बताया कि 6 जून 2025 को करीब सुबह 8 बजे उसकी तेरह वर्षीय नाबालिग पुत्री पैदल अपने घर आ रही थी। बीच रास्ते में गोपाराम ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर गोचर की झाडियो में लेकर गया। वहां उसके साथ जबरदस्ती दुश्कर्म करने का प्रयास करने लगा। तब उसकी पुत्री ने उसका हाथ दांतो से काटकर उसके चुंगल से छुटकर वहा सें भाग गई। तथा घर आकर रोते रोते सारी बात बताई। पुलिस ने मामला दर्ज कर बांद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से दस गवाह के बयान लेखबद्व किये गये। पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने आरोपी गोपाराम को नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का दोशी मानते हुए पांच साल के कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने की।

# मुस्लिम सिलावट वेलफेयर संस्थान जालोर की कार्यकारिणी घोषित

**जालोर**, (कासं)। ऑल राजस्थान मुस्लिम सिलावट वेलफेयर संस्थान जालोर की बैठक हजरत बाला पीर दरगाह पर जिलाध्यक्ष शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व प्रदेश उपाध्यक्ष अयुब शेख की उपस्थिति में आयोजित हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ने प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार जालोर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

जिलाध्यक्ष शहजाद खान ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुस्लिम सिलावट वेलफेयर संस्थान का मुख्य उद्देश्य समाज का उदार, उत्थान करने के साथ समाज मे शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के अवसर प्रदान करना है। वहीं सिलावट समाज पिछडा होने से उसे विशेष आरक्षण श्रेणी में शामिल करवाना, बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देना, समाज के युवाओ को रोजगार से जोडना व समाज को एकजुट व मजबूत कर राजनैतिक भागीदारी निभाना मुख्य ध्येय रहेगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिला संरक्षक लियाकत अली शेख , आबाद अली गनी मोहम्मद, इंसाफ अली, अजमत खान, रसीद खान, इलियास खान भीनमाल, मोहम्मद रफीक शेख व युनुस खान को नियुक्त किया गया। वहीं जिला उपाध्यक्ष हबीब रहमान व मुस्ताक खान, जिला सचिव इमरान खान जलदाय विभाग, जिला कोषाध्यक्ष लियाकत अली शौकत अली, जिला सलाहकार साकिर अली, रफीक खान फयाज खान, लाडेखान, रहमान खान, मुनव्वर अली सिरोही, मोहम्मद इकबाल, सिराजुद्दीन खान, शहजाद खान मेडतिया,जिला विधि सलाहकार सलीम जावेद एडवोकेट को बनाया गया। वही जिला संगठन मंत्री राजू शेख, रुबाब खान,जाकिर खान फकरु खान, आसिफ खान आहोर, साकिर खान छोटू खाजी, शहजाद खान एस के, जिला मीडिया प्रभारी साबिर सागर व साबिर नेपाली, जिला प्रवक्ता उजीर सिलावट व असलम खान शेख, जिला प्रचार मंत्री हिदायत खान जलदाय विभाग, मोहम्मद इफितकार हुसैन, मोहसिन खान रानीवाडा,यासर अराफात, मुफती मोहम्मद, जाहिद हुसेन, इमरान खान शौकत खान , जहांगीर खान एवं जिला कार्यक्रम योजना मंत्री जानशेर खान व मोहम्मद रफीक भीनमाल को नियुक्त किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे जलाल खान,बरकत खां ईशे खांजी, मुजाफरखान अगवरी, मोहम्मद खान बाबू खान, शमशेर खान रेहमान खान, मुबारक अली, बरकत खान अनवर खान, अब्दुल गफार, जहूर मोहम्मद मेडतिया, रमजान खान मेडतिया, फारुक मोहम्मद टेलर, नवाब खान जहूर मोहम्मद, इरफान खान गबरू खान, अल्ताफ खान आबाद अली, आबाद अली रहमान खांजी , मुराद खान, कासम खान वाजिद अली , साहिल खान, असरफ खां रमजान खां, एजाज अली, मजीद खां, अनवर खान, असरफ खां पुत्र रमजान खाजी, असलम डीका, आमीर शेख,वसीम खान मुनाफ खान, मुकदर खान को नियुक्त किया। नियुक्त कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व सदस्यों का जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर स्वागत किया गया। सिलावट समाज के लोगों ने हजरत बाला पीर के आस्ताने पर चादर चढा कर अकीदत के फुल पेश किये। वही देश मे अमन,चैन भाईचारा व खुशहाली की दुआ मांगी। बैठक का संचालन असलम शेख ने किया। सिरणी (भोजन) ग्रहण के साथ बैठक का समापन हुआ।



जालोर में ऑल राजस्थान मुस्लिम सिलावट वेलफेयर सोसायटी की जिला बैठक हुई। फोटो राष्ट्रदूत

# भगवान झूलेलाल पर टिप्पणी के विरोध में सिंधी समाज ने प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं) । जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के स्थानीय नेता अमित बघेल की ओर से सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने पर समाज में रोष व्याप्त है। सिंधी समाज ने टिप्पणी के विरोध में सोमवार को रैली निकालकर जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नारे लगाए। प्रदर्शन के बाद समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को कार्रवाई की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के नाम ज्ञापन सौंपा।

सिंधु सेना राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष संजय चंदीरमानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के एक नेता अमित बघेल ने उनके इष्टदेव पर गलत टिप्पणी की। सिंधी समाज अपने देवता का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को ऐसे मामलों में तुरंत एक्शन लेना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी किसी धर्म या समाज की भावनाओं से खिलवाड़ न करे। उन्होंने अभद्र टिप्पणी करने वाले छत्तीसगढ़ के नेता पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाने और उसकी पार्टी का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के साथ ही उसकी गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि धार्मिक आस्था और आराध्य देवता के अपमान को किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। समाज के सदस्यों ने इस दौरान सिन्धी एकता जिंदाबाद एवं जय झूलेलाल के नारे भी लगाए।

रैली में बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# स्वास्थ्य परीक्षण आज

**जालोर**, (कासं)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में 11 नवम्बर, मंगलवार को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि मंगलवार को जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा जिसमें विशेष आदिवासी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। उन्होंने सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।



मेरी मां के संघर्ष के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। उनके संघर्ष को बताने के लिए कोई भी शब्द काफी नहीं है। अपनी सफलता का क्रेडिट अपने कोच और उन सभी लोगों को देना चाहूंगी। - रेणुका सिंह ठाकुर

भारतीय महिला खिलाड़ी, अपनी मां के संघर्ष को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — लक्ष्य सेन



**लक्ष्य सेन** अच्छा प्रदर्शन कर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेंगे। लक्ष्य सेन कुमामोटो मास्टर्स जापान में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें सीज़न के आखिर में होने वाले वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने में मदद मिल सके। लक्ष्य, सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं। कल से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय क्रिकेट टीम के पास एकदिवसीय और 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड है।

## भारतीय पैरा जूडो टीम ने कजाकिस्तान में एशियन चैम्पियनशिप में जीते पांच पदक

अस्ताना (कजाकिस्तान), 10 नवंबर। भारतीय पैरा जूडो टीम ने कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच पदक जीते। यहां आयोजित हुई प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के गुलशन ने जे2 -70 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, मध्य प्रदेश के कपिल परमार ने जे1 - 70 किग्रा कैटेगरी में रजत पदक, हरियाणा की कोकिला ने भी जे2 -52 किग्रा वर्ग में रजत पदक और उत्तर प्रदेश के धर्मवीर वर्मा ने जे2 95 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। पुरुषों के टीम चैंपियनशिप स्पर्धा में भारतीय पैरा जूडो पुरुष टीम ने मंगोलियाई टीम को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

## मनीष के ऑलराउंड खेल, आदित्य की गेंदबाजी से एलिट स्पोर्ट्स जीता

जयपुर, 10 नवम्बर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज एन. बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत खेले गये पूल-ए के मुकाबले में एलिट स्पोट्स ने गर्णव गौतम 48 रन की शानदार पारी, मनीष शर्मा के 8 गेंदों में धुआंधार 34 रन व 28 रन पर 2 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन से आदित्य बोयल 15 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत जयपुरिया एकेडमी को 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर जयपुर क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपने 5 विकेट मात्र 65 रन पर गवा दिये लेकिन करन 42 रन, हिमांशु 41 रन नाबाद, धर्मेश चन्द्र 18 रन, गणेश चौधरी 17 रन नाबाद की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन तक पंहुचा दिया। गेंदबाजी में एलिट स्पोर्टस एकेडमी की ओर से आदित्य बोयल 15 रन पर 3 विकेट, मनीष शर्मा 28 रन पर 2 विकेट, शुभम शर्मा 23 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में एलिट स्पोर्टस एकेडमी के प्रतीक मान 41 रन (29 गेंद, 6 चौके 1 छक्का), अर्णव गौतम 48 रन (30 गेंद, 4 चौके, 3 छक्के), मनीष शर्मा 34 रन (8 गेंद 1 चौका, 5 छक्के), राहुल 12 रन नाबाद की मदद से विजय लक्ष्य 14.1 ओवर में ही 3 विकेट खोकर 148 रन बनाकर हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच मनीष शर्मा एलिट स्पोट्स एकेडमी रहे।



## प्रथम मुमताज खान स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता सम्बित के ऑलराउंड प्रदर्शन से तारीक एकेडमी विजयी


जयपुर, 10 नवम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम श्रीमती मुमताज खान स्मृति अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना क्रिकेट



एकेडमी जगतपुरा में खेले गये मुकाबले में तारीक क्रिकेट एकेडमी ने सम्बित 39 रन व 43 रन पर 5 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन से एन.बी. क्रिकेट एकेडमी को 55 रन से हराकर 2 अंकज अर्जित किये। टॉस जीतकर तारीख क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सम्बित 39 रन, अनन्त सिंह 36 रन, अमित कुमार 23 रन, भव्य सैनी 18 रन तथा अतिरिक्त 62 रनों की मदद से 38 ऑवर में ऑलआउट होने से पूर्व 219 रन बना लिये। एन.बी एकेडमी की ओर से 25 रन पर 4 विकेट, कियांश 47 रन पर 2 विकेट, शिरीष मीणा 47 रन पर 2 विकेट पर 2 विकेट तथा अमृतांशु व अनुभव प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में एन.बी. किक्रेट एकेडमी की ओर से मोनिक धवन 32 रन, देवेश सिंह 28 रन, कियांश 22 रन, अनुभव शर्मा 20 रन, रोहन मीणा 13 रन की पारियों के बावजूद 34.3 ओवर में 164 रन पर सिमट गयी। तारीक किकेट एकेडमी की ओर से सम्बित 43 रन पर 5 विकेट, रिहान खान 13 रन पर 2 विकेट, विनय शर्मा 20 रन पर 2 विकेट तथा निखिल 11 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच सम्बित तारिक क्रिकेट एकेडमी रहे।

### 2026 में होने वाले टी-20 विश्वकप की तैयारी पर ध्यान

# ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ फिटनेस के महत्व को समझना होगा : गौतम गंभीर



बेंगलुरु, 10 नवंबर। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ियों को ईमानदारी और पादर्शिता के साथ फिटनेस के महत्व को समझते हुए 2026 में होने वाले टी-20 विश्वकप की तैयारी पर ध्यान देना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से टी-20 सीरीज जीतने के बाद गंभीर ने कहा कि छोटी-मोटी उपलब्धियां देखकर टीम को अपने अंतिम लक्ष्य से भटकाना नहीं चाहिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एक साक्षात्कार में गंभीर ने कहा, ''टी-20 विश्वकप की ओर टीम की प्रगति के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बहुत जरूरी है, लेकिन सीरीज जीतने का जश्न मनाने से बचना चाहिए।''

गंभीर ने टीम के रवैये में निरंतरता और शांत रहने की जरूरत पर बल देते हुए कहा, ''एक देश के तौर पर और एक व्यक्ति के तौर पर, हमें कभी भी सीरीज जीतने का जश्न नहीं मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दबाव में परखने से ही खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आता हैं। हमने शुभमन गिल के साथ भी ऐसा ही किया था जब उन्हें टेस्ट कप्तान बनाया गया था।''

अपने सख्त नेतृत्व शैली के लिए जाने जाने वाले पूर्व भारतीय ओपनर ने कहा कि मौजूदा टीम में खुलापन और ईमानदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''ड्रेसिंग रूम एक बहुत ही पारदर्शी और ईमानदार कमरा रहा है, और हम इसे ऐसा ही रखना चाहते हैं। हम अभी भी वहां नहीं हैं जहां हम टी-20 विश्वकप के लिए होना चाहते हैं, लेकिन उम्मीद है कि यह एक बड़ा कदम है। हमारे पास तीन महीने हैं जहां हम पहुंचना चाहते हैं।''



## मिशन विश्व कप 2025 : जूनियर महिला हॉकी टीम का ऐलान

नई दिल्ली, 10 नवंबर। हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जिसका आयोजन 1 से 13 दिसंबर तक चिली के सैंटियागो में होगा। 20 सदस्यीय टीम, जिसमें 18 खिलाड़ी और दो वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं, अपनी कड़ी तैयारियों को परखने और विश्व मंच पर एक मजबूत बयान देने की कोशिश करेगी। भारत को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम 1 दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद 3 दिसंबर को जर्मनी और 5 दिसंबर को आयरलैंड के खिलाफ मैच होंगे। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट चरणों में आगे बढ़ेंगी, जो 7 से 13 दिसंबर तक खेले जाएंगे।

टीम का नेतृत्व ज्योति सिंह कप्तान और तुषार खांडेकर मुख्य कोच के रूप में करते रहेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज के बीच साझा की जाएगी, जबकि रक्षात्मक जिम्मेदारी मनीषा, लालथनलुआलंगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदिनी को सौंपी गई है। मिडफ़ील्ड में, भारत साक्षी राणा, इशिका, सुनीता टोप्पो, कप्तान ज्योति सिंह, खैदेम शिलेमा चानू और बिनिमा धन पर निर्भर करेगा। फ़ॉरवर्ड लाइन में सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो और सुखवीर कौर शामिल हैं, जो एक तेज़ आक्रमण का वादा करती हैं। प्रियंका यादव और पार्वती टोपनो को टूर्नामेंट के लिए वैकल्पिक खिलाड़ियों के रूप में चुना गया है।

टीम चयन पर बोलते हुए, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच तुषार खांडेकर ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, ''मैं टीम और इस समय उनके खेलने के तरीके से बहुत खुश हूँ। हॉकी में अनुशासन मेरा मुख्य सिद्धांत है और इस टीम को बनाते समय मैंने इसे ध्यान में रखा है। हम एक कठोर प्रशिक्षण चरण से गुज़रे हैं और अपनी रक्षात्मक संरचना और प्रतिद्वंद्वी के स्कोरिंग क्षेत्र के अंदर फिनिशिंग पर कड़ी मेहनत की है। लड़कियों ने पिछले कुछ महीनों में काफी सुधार और परिपक्वता दिखाई है।''

# न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच चौथा ट्वंटी-20 बारिश के कारण रद्द



नेल्सन, 10 नवंबर। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच सोमवार को खेला जा रहा चौथा अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड 2-1 से आगे है।

आज यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने अभी सिर्फ दो गेंदों के बाद ही खेली थी हल्की बारिश शुरू हो गई। न्यूजीलैंड ने कुछ ओवर शांति से निकाले, आमिर जांगू संभल कर खेल रहे थे। एलिक अथानाजे ने काइल जैमीसन की गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर पारी को आगे बढ़ाया, जिसके बाद उन्होंने अथानाजे की गेंद पर एक और छक्का लगाया। जांगू ने पांचवें ओवर के आखिर में एक चौका लगाया, जिसके बाद पहली बार बारिश के कारण से खेल रोका गया। 30 मिनट के ब्रेक के बाद, खिलाड़ी बिना किसी नुकसान के वापस मैदान में आए और सिर्फ दो गेंदों के अंदर जेम्स नीशम ने अथानाजे को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अथानाजे के आउट होने के एक ओवर बाद बारिश फिर से तेज हो गई और खेल एक बार फिर रुक गया। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय वेस्टइंडीज ने 6.3 ओवर में एक विकेट पर 38 रन बना लिये थे। इसके बाद बारिश नहीं रूकने पर मैच को रद्द कर दिया गया। एलिक अथानाजे 21 रन बनाकर आउट हुये, आमिर जांगू 12 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों टीमें के बीच गुरुवार को आखिरी मैच डुनेडिन में खेला जायेगा।

## ज्वेरेव ने शेल्टन पर शानदार जीत के साथ एटीपी फाइनल्स की शुरुआत की

ट्ययूरिन (इटली), 10 नवंबर। दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के पर्दापण कर रहे टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराकर एटीपी फाइनल में अपने अभियान की शुरुआत एक जबरदस्त जीत के साथ की। रविवार को खेल गये मुकाबले में जर्मनी के दिग्गज अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(6) से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। मैच कके बाद ज्वेरेव ने शेल्टन के बारे में कहा, ''वह एक अविश्वसनीय रूप से आक्रामक खिलाड़ी है। शायद दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक। टाई-ब्रेक में, उसने शानदार शुरुआत की। हां, मैंने शायद एक या दो पहली सर्विस मिस कर दीं, और उसने (5-4 पर) जो पासिंग शॉट मारा, वह जबरदस्त था। मुझे लगा कि मुझे उन चीजों को नियंत्रित करना होगा जिन्हें मैं कंट्रोल कर सकता हू, और मैं उन्हें अच्छे से कर रहा था।''

## भारतीय टीम अंडर-20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ अपने अभियान की करेगी शुरुआत

नई दिल्ली, 10 नवंबर। भारतीय महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले वर्ष होने वाले एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आज यहां घोषित किये गये ड्रा के अनुसार थाईलैंड में अगले वर्ष होने वाले एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप के लिए सोमवार जारी ड्रा में भारतीय महिला फुटबॉल टीम को ग्रुप सी में रखा गया है। इस ड्रा में भारत के साथ जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताईपे है। 20 साल बाद एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय अपना अभियान जापान के खिलाफ शुरू करेंगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेंगी। ग्रुप ए में, मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बंगलादेश के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन हैं। एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप 2026 में थाईलैंड की तीन जगहों राजमंगला नेशनल स्टेडियम (बैंकॉक), थम्मासैट स्टेडियम (पाथुम थानी), और पाथुम थानी स्टेडियम (पाथुम थानी) में आयोजित होगा। एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप के 12वें संस्करण में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। इस टीमों को चार-चार के समूह में विभाजित किया गया है। भारतीय टीम उन 11 टीमों में से एक है। जिसमें आठ ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली उपविजेता टीम शामिल है। इन टीमों ने क्वालीफायर के जरिए टूर्नामेंट में जगह बनाई है।

## बस्तर ओलंपिक का भव्य शुभारंभ, निखरेगी खिलाड़ियों की प्रतिभा

बीजापुर, 10 नवंबर। खेल और परंपरा के संगम 'बस्तर ओलंपिक 2025' का विकासखंड बीजापुर में सोमवार को बड़े ही उत्साह और गरिमामय माहौल में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिले भर से आए खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने खेलों के इस महाकुंभ में भाग लेकर उत्साह का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, सीईओ जिला पंचायत ती नम्रता चौबे, प्रभारी जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल और एसडीएम जागेश्वर कौशल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## जम्मू-कश्मीर को जीत के लिए 124 रनों की दरकार

नई दिल्ली, 10 नवंबर। वंशज शर्मा (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के तीसरे दिन सोमवार को दिल्ली की टीम को दूसरी पारी में 277 रनों पर समेटने के बाद दिन का खेल समाप्त होने तक 55 रन पर दो विकेट गंवा दिये है और उसे जीत के लिए अभी 124 रनों की दरकार है।

दिल्ली ने कल के सात रन से आगे खेलना शुरु किया। अर्पित राणा और सनत सांगवान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 86 रन जोड़े। 29वें ओवर में वंशज शर्मा ने सांगवान (34) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में साहिल लूथरा ने अर्पित राणा (43) को आउकर दिल्ली को दूसरा झटका दिया। इसके बाद यश ढुल और कप्तान आयुष बदोनी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 38वें ओवर में आबिद मुश्ताक ने यश ढुल (34) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। आयुष दोसेजा, आयुष बदोनी के साथ संभलकर खेलते हुए टीम के स्कोर को 244 तक ले गये। इसी दौरा वंशज शर्मा ने आयुष बदोनी को आउटकर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। आयुष बदोनी ने 73 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए 72 रन बनाये। इसी ओवर में शर्मा ने सुमित माथुर (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। अनुज रावत (16) को साहित लुथरा ने आउट किया। दिल्ली का नौवां विकेट आयुष दोसेजा (62) के रूप में गिरा। इसके बाद 70वें ओवर की पहली गेंद पर वंशज शर्मा ने मनी ग्रेवाल (एक) को बोल्ड कर दिल्ली दूसरी पारी को 277 के स्कोर पर समेट दिया।

# राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता आज से

### कुल 66 टीमें लेगी भाग : पुरुष वर्ग में 86 एवं महिला वर्ग में 105 मैच खेले जायेंगे

जयपुर, 10 नवम्बर। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में ज़िला हैंडबॉल संघ, करौली द्वारा 42वीं राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका)-2025-26 का आयोजन 11 से 14 नवम्बर तक श्रीमहावीर जी (करौली) में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 66 टीमे भाग ले रही है, जिसमें पुरुष वर्ग में 38 एवं महिला वर्ग में 28 टीमे है। इसमें 26 ज़िले एवं 11 अकादमियों की टीमें भाग ले रही है।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट कम सुपर लीग के आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता के लिये चार ग्राउंड तैयार किये गये है। जिसमें एक फ्लड लाइट ग्राउंड है। जिन पर बालक वर्ग में 86 एवं बालिका वर्ग में 105 मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता के दौरान ही आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के राज्य बालक एवं बालिका टीमों के लिए 30-30 संभावितों का भी चयन राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल ने बताया कि प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बालक खिलाड़ी को स्व. लोकेंद्र सिंह गौड़ एवं बालिका खिलाड़ी को स्व. इंजि. तनेराम मेघवाल की स्मृति में राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

**बालक वर्ग की टीमों को आठ एवं बालिका वर्ग की टीमों को चार पूल में बाँटा गया है।**

**बालक वर्ग:- पूल ए:-** जयपुर, झालावाड़, उदयपुर एवं जालौर। पूल बी:- आर पी भादू अकेडमी सूरतगढ़, आरएसएससी अकादमी जैसलमेर, कोटा, एवं डुंगरपुर। पूल सी:- श्रीगंगानगर, झुंझुनू, चूरू, जैसलमेर एवं कृपा बाबा हैंडबॉल अकादमी करौली। पूल डी:- चितौड़गढ़, बीकानेर, अलवर, बाँसवाड़ा एवं दुलमाना हैंडबॉल अकादमी हनुमानगढ़। पूल ई:- सवाईमाधोपुर, भीलवाड़ा, भरतपुर, जयपुर हैंडबॉल अकादमी एवं जय भवानी हैंडबॉल अकादमी श्रीगंगानगर। पूल एफ:- सीकर, अजमेर, करौली, राजसमंद एवं भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी। पूल जी:- बारां, टोंक, जोधपुर, महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकादमी चितौड़गढ़ एवं ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी । पूल एच :- बूँदी, हनुमानगढ़, माही हैंडबॉल अकादमी, एसटीसी नोज़गे हैंडबॉल अकादमी एवं इंस्पिरेशन अकैडमी जोधपुर ।

**बालिका वर्ग:- पूल ए:-** जयपुर, भरतपुर, जालौर, करौली, टोंक, जय भवानी हैंडबॉल अकादमी श्रीगंगानगर एवं भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी। पूल बी:- दुलमाना हैंडबॉल अकादमी हनुमानगढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, बीकानेर, चूरू, जोधपुर एवं जैसलमेर। पूल सी:- श्रीगंगानगर, जयपुर हैंडबॉल अकादमी, बाँसवाड़ा, आरएसएसी अकादमी जयपुर, उदयपुर, झुंझुनू एवं माही हैंडबॉल अकादमी। पूल डी:- सीकर , ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी, इंस्पिरेशन अकैडमी जोधपुर, अलवर, हनुमानगढ़, डुंगरपुर एवं कृपा बाबा हैंडबॉल अकादमी करौली ।

## जेएलएन स्टेडियम की जगह पर बनेगी स्पोर्ट्स सिटी : सूत्र

नई दिल्ली, 10 नवंबर। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थित प्रसिद्ध जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को गिरा कर इसकी 102 एकड़ जमीन पर विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स सिटी बनाई जाएगी। युवा मामले और खेल मंत्रालय के सूत्रों ने सोमवार को यूनीवार्ता को बताया कि दिल्ली के लोधी रोड इलाके में बनने वाली इस स्पोर्ट्स सिटी के लिए कतर और ऑस्ट्रेलिया के स्पोर्ट्स सेंटर्स को मॉडल पर अध्ययन किया जा रहा है। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, जेएलएन स्टेडियम की जगह पर एक वर्ल्ड क्लास मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर बनाया जाएगा और इस प्रोजेक्ट के लिए कतर और ऑस्ट्रेलिया के सबसे अच्छे सेंटर्स की स्टडी की जा रही है। उन्होंने फिलहाल इस प्रोजेक्ट की समयसीमा बताने से इंकार कर दिया।

## अब हर प्लेयर के पास होगा अपना खुद का कोच

### गांगुली व काबुनी ने भारत में लॉन्च किया एआई स्पोर्ट टेक प्लेटफॉर्म



जयपुर, 10 नवम्बर। आज टेक्नोलॉजी सिर्फ जिंदगी नहीं, खेल भी बदल रही है। अब कोई प्लेयर चाहे अपने क्षेत्र का हो या फिर ग्राउंड का, उसे कोचिंग के लिए किसी बड़ी एकेडमी या ट्रेनर की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि यूके की एआई और स्पोर्ट्स टेक कंपनी, काबुनी ने भारतीयों के लिए लॉन्च किया है एक ऐसा प्लेटफॉर्म, जो प्लेयर्स की प्रैक्टिस को रिकॉर्ड कर उनके हर मूवमेंट का रियल टाइम एनालिसिस करता है। मशीन लर्निंग और बायोमैकेनिक्स की मदद से यह ऐप उसी वक्त बताता है कि क्या सही हुआ और कहाँ सुधार की जरूरत है, बिल्कुल किसी असली कोच की तरह। काबुनी हर मूवमेंट को, चाहे वो कवर ड्राइव हो या बॉलिंग एक्शन, ध्यान से देखकर उसका पूरा एनालिसिस करता है और तुरंत बताता है कि कहाँ सुधार की जरूरत है। यह फीडबैक वीडियो, फोटो, टेक्स्ट या आवाज़ के जरिए दिया जाता है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और काबुनी के ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर सौरव गांगुली ने कहा, ''क्वालिटी कोचिंग बच्चों को बेहतर और तेज़ी से सीखने में मदद करती है, जिससे उनकी सेहत भी बनी रहती है।

# आईसीएससी 2025 : उम्मेद क्लब ओवरऑल चैम्पियन, फील्ड क्लब रहा उपविजेता




जयपुर, 10 नवम्बर। रामबाग गोल्फ क्लब की मेजबानी में संपन्न ऑल इंडिया इंटर क्लब स्पोर्ट्स कार्निवल 2-25 में उम्मेद क्लब जोधपुर ओवरऑल चैंपियन बना, जबकि फील्ड क्लब उदयपुर उपविजेता बना। तीन दिवसीय आयोजन में आठ खेलों के मुकाबले हुए। गोल्फ में दिल्ली के द्वारका गोल्फ क्लब ने खिताब अपने नाम किया, वहीं मेजबान रामबाग गोल्फ क्लब उपविजेता रहा। रामबाग के अनस शमसी को बेस्ट गोल्फर के पुरस्कार से नवाजा गया। डिस्ट्रिक्ट क्लब पाली के राहुल देवड़ा ने स्नूकर का खिताब जीता, जबकि जयपुर क्लब के उदित कसेरा उपविजेता रहे।

बिलियर्ड का खिताब जय क्लब के अर्जुन मेंघानी ने जीता, जबकि जयपुर क्लब के सुनील शारदा उपविजेता बने। बॉक्स क्रिकेट में उम्मेद क्लब जोधपुर की टीम विजेता बनी, जबकि फील्ड क्लब उदयपुर की टीम उपविजेता रही। जिम्मी छाबड़ा को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अहमदाबाद सिटी टेनिस फाउण्डेशन ने टेनिस टीम इवेंट का खिताब अपने नाम किया। सार्दुल क्लब बीकानेर उपविजेता रही। विविध बियानी और डॉ. आदित्य पेड़िवाल को बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड मिला। रामबाग गोल्फ क्लब के कोषाध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल के अनुसार रविवार देर रात आयोजित समापन समारोह में श्रीराम इंश्योरेंस के अनिल अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन योगेन्द्र सिंह, सचिव समृद्ध शर्मा, सह मेजबान जयपुर क्लब के अध्यक्ष अजीत सक्सेना और सचिव हिमांशु सहगल तथा जय क्लब के अध्यक्ष डॉ. हरिओम बंब और सचिव संजय भंसाली, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अमित माथुर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# राजस्थान-हैदराबाद रणजी मैच (तीसरे दिन का खेल), राजस्थान की पांच विमेन खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल टी-20, 2025 प्लेयर ऑक्शन में नामित



जयपुर, 10 नवंबर। रणजी ट्रॉफी हैदराबाद में खेले जा रहे राजस्थान - हैदराबाद रणजी मैच के तीसरे दिन का स्कोर :- हैदराबाद पहली पारी 364 आल आउट। राजस्थान के गेंदबाज अशोक शर्मा 89/3, राहुल चाहर 96/3, अनिकेत चौधरी 51/2 व सचिन यादव, आकाश सिंह प्रत्येक 1-1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान पहली पारी 269 आल आउट। टीम के लिए कुणाल सिंह राठौर 83, अजय सिंह कुकना 58 रनो का योगदान दिया ।

हैदराबाद के गेंदबाज तनय थियागराजन 64 / 3 व मिलिंद 44 / 3 विकेट। हैदराबाद दूसरी पारी 198/7, तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हैदराबाद ने अपनी दूसरी पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 198 रन बना लिए थे। टीम के लिए राहुल सिंह 59 व हिमातेजा 41 रन। राजस्थान के गेंदबाज अशोक शर्मा 33/2, महिपाल लोमरोर 30/2 व अजय सिंह कुकना, आकाश सिंह प्रत्येक 1-1 विकेट।

राज्य स्तरीय अंडर 19 डेज चैलेंजर ट्रॉफी के आज से शुरू हुए मैचों के पहले दिन आदित्य सैनी का शतक व आर्यन बिश्नोई , प्रखर शर्मा , विहान जैन ,पियूष दहिया , चिराग सुखवाल , शिवांग सिंह , पलांश चतुर्वेदी , मनय कटारिया , हितेश शेखावत , अनस , अविनाश , नावेद चमके।

पहले दिन का स्कोर : - टीम डी - टीम बी, टीम डी पारी 345 आल आउट, टीम के लिए आदित्य सैनी 139 , आर्यन बिश्नोई 81 रन। टीम बी के गेंदबाज प्रखर शर्मा 61/3, आदित्य वाधवा व बैभव राजपुरोहित प्रत्येक 2 -2 विकेट।

टीम एच - टीम एफ, टीम एच पारी 166 आल आउट। टीम के लिए विहान जैन 51, सुनील 23 रन। टीम एफ के गेंदबाज पियूष दहिया 46/4, चिराग सुखवाल 40/3 व जतिन 8/2 विकेट। टीम एफ पारी 186/4, टीम के लिए कृष्ण गुप्ता 39, नील नाबाद 32 व विनोद नाबाद 37 रन। टीम एच के गेंदबाज कृष्णा 21/2 विकेट। टीम सी - टीम ऐ, टीम सी पारी 193 आल आउट। टीम के लिए शिवांग सिंह 91 , रक्षित लुनावत 49 व अभय शर्मा 19 रन। टीम ऐ के गेंदबाज पलांश चतुर्वेदी 13/3, केतन 16/2, गौरव 36/2 व हर्षित शर्मा 36/2 विकेट। टीम ऐ पारी 141/3, टीम के लिए मनय कटारिया नाबाद 75, लक्ष्य शर्मा 45 रन। टीम सी के गेंदबाज शुभांकर त्यागी 23/2 विकेट।

**टीम ई -** टीम जी। टीम ई पारी 311 आल आउट। टीम के लिए हितेश शेखावत 90, अनस 69, दीपेश 30 व आराध्य 29 रन, टीम जी के गेंदबाज अविनाश 40/3, नावेद 43/3, पृथ्वी , आदित्या प्रत्येक 2 - 2 विकेट।

राजस्थान की पांच वेमिन खिलाडी डब्ल्यूपीएल टी20 2025 प्लेयर ऑक्शन में नामित।

बीसीसीआई की आगामी डब्ल्यूपीएल टी 20 2025 के जल्द होने वाले वीमेन प्लेयर ऑक्शन के लिए बीसीसीआई ने राजस्थान की पांच वीमेन खिलाडियों को नामित किया है। बीसीसीआई डब्ल्यूपीएल टी 20 2025 प्लेयर ऑक्शन के लिए राजस्थान की नामित खिलाडी :- कौशल्या चौधरी, डिंपल कँवर, हैप्पी कुमारी, अक्षिता माहेश्वरी, शानू सेन।

# गत 2 वर्ष में 7.20 लाख श्रमिकों को 804 करोड़ की सहायता दी- भजनलाल

## राज्य की योजनाओं में श्रमिकों के बच्चों को 8 से 25 हजार रूपए की छात्रवृत्ति दी जाती है

जयपुर, 10 नवम्बर। श्रमिक वर्ग किसी भी देश या प्रदेश के विकास में विश्वकर्मा की भूमिका निभाता है। उनके कठोर परिश्रम से ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का ढ ांचा तैयार होता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि श्रमिकों की सुरक्षा और उनका गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। इसी लक्ष्य के तहत, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के माध्यम से विगत 2 वर्षों में ही 7 लाख 20 हजार से अधिक पात्र श्रमिकों को 804 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी जा चुकी है। विभिन्न राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में555 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से दी गयी है।

राज्य सरकार द्वारा संचालित निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल विकास योजना में निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा व कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छात्रवृत्ति दी जाती है। इसके तहत, कक्षा 6 से आगे की पढ़ ाई के लिए 8 हजार रूपये से लेकर 25 हजार रुपए तक की छात्रवृत्ति दी जाती है। साथ ही, 8 वीं कक्षा से आगे अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं को 4 हजार रूपये से लेकर 35 हजार रूपये तक की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाती है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

■ श्रमिकों के जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए निर्माण श्रमिक जीवन व भविष्य सुरक्षा योजना में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंशन योजना से लाभांवित करने के लिए उनके अंशदान का आंशिक व पूर्ण पुनर्भरण किया जाता है।

राज्य सरकार ने श्रमिक वर्ग के जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में उनके लिए संचालित निर्माण श्रमिक जीवन व भविष्य सुरक्षा योजना में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना से उन्हें लाभान्वित करने के लिए उनके अंशदान का आंशिक व पूर्ण पुनर्भरण किया।

श्रमिकों के जीवन व सामाजिक स्तर में सुधार के लिए राज्य सरकार ने उनके पूरे परिवार को आत्मनिर्भर बनाने का प्रण लिया है। इसी उद्देश्य से उनके बच्चों को भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक लाख तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना के तहत विगत दो वर्षों में 80 लोगों को 40 लाख रुपए की सहायता दी जा चुकी है। साथ ही आईटीआईआआईएम में प्रवेश मिलने पर भी ट्यूशन फीस का पुनर्भरण सरकार द्वारा किया जाता है। श्रमिकों एवं उनके बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए भी राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता योजना संचालित की है। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने पर 2 लाख, कांस्य पदक जीतने पर 5 लाख, रजत पदक हासिल करने पर 8 लाख और स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर 11 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। विगत 2 वर्षों में इन योजनाओं में अभूतपूर्व कार्य कर श्रमिकों के जीवन के हर पड़ाव पर उनका साथ दिया जा रहा है।

## तहसीलदार बताए 15 दिन में, रिपोर्ट कैसे बदली

जयपुर, 10 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने फुलेरा में रिसोर्ट के लिए जमीन आवंटन करने से जुड़े मामले में स्थानीय तहसीलदार को 24 नवंबर को पेश होने को कहा है। अदालत ने तहसीलदार से पूछा है कि एक रिपोर्ट में संबंधित भूमि को पहाड़ और नाला क्षेत्र की बताने के बाद पन्द्रह दिन में ही उसे कैसे बदल दिया गया। अदालत ने मामले में मुख्य सचिव, प्रमुख राजस्व सचिव,

■ हाई कोर्ट ने फुलेरा में रिसॉर्ट के लिए भूमि रिपोर्ट पर जवाब तलब किया।

जयपुर कलेक्टर और तहसीलदार सहित अन्य से जवाब तलब किया है। वहीं, अदालत ने मामले में कलेक्टर को अपना शपथ पत्र पेश करने को भी कहा है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने ये आदेश लालाराम गुर्जर व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता निखिल सैनी ने अदालत को बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत फुलेरा में रिसोर्ट निर्माण के लिए निजी पक्षकार ने राज्य सरकार से एमओयू किया था। स्थानीय तहसीलदार ने गत 17 जून को एक रिपोर्ट तैयार कर कहा कि आवंटित की जाने वाली भूमि पहाड़ी भूमि है और वहाँ नाला भी बहता है। ऐसे में इसे आवंटित नहीं किया जा सकता।

याचिका में कहा गया कि इसके कुछ दिन बाद 30 जून को तहसीलदार ने अपनी दूसरी रिपोर्ट में माना कि जमीन को आवंटित किया जा सकता है। वहीं तहसीलदार ने अपनी पूर्व की रिपोर्ट से पहाडी भूमि को लेकर कही बात को भी हटा दिया।

# "डिजिटल गिरफ्तारी" से 3000 करोड़ की उगाही से सुप्रीम कोर्ट चिन्तित

## उच्चतम न्यायालय की डबल बेंच ने मामले को सख्ती से निपटाने के संकेत दिये

नयी दिल्ली, 10 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने तथाकथित "डिजिटल गिरफ्तारी" से जुड़े साइबर धोखाधड़ी के बढ़ ते मामलों पर सोमवार को गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि इस तरह के घोटालों के ज़रिए नागरिकों से लगभग 3,000 करोड़ रुपये की उगाही की गई है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने टिप्पणी की कि अदालत में बताए गए आंकड़े "चौंकाने वाले" हैं और न्यायपालिका इस मामले से "सख्ती से" निपटेगी।

पीठ ने इस खतरे पर अंकुश लगाने और भारत के भीतर और बाहर सक्रिय परिष्कृत घोटाला नेटवर्क से जनता की रक्षा के लिए एक मज़बूत तंत्र की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

■ अदालत ने कहा कि भारत के भीतर और बाहर सक्रिय परिष्कृत घोटाला नेटवर्क से जनता की रक्षा के लिये एक मजबूत तंत्र की तुरंत आवश्यकता है।

अदालत सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों पर स्वतः संज्ञान कार्यवाही में हस्तक्षेप की माँग की गई थी।

एससीएओआरए ने अदालत से पुलिस बलों, बैंकों, साइबर सेल और वित्तीय मध्यस्थों के लिए एक राष्ट्रव्यापी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का आग्रह किया है ताकि डिजिटल गिरफ्तारी धोखाधड़ी के मामलों को समान रूप से निपटाया जा सके। पीठ ने केंद्र सरकार से जवाब माँगा है और संकेत दिया है कि इस मामले पर विस्तृत विचार किया जाएगा।

## खड़गे, राहुल ने दिल्ली विस्फोट पर गहरी संवेदना जताई

नयी दिल्ली, 10 नवंबर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली विस्फोट की घटना पर गहन संवेदना जतायी।

खरगे ने कहा, " दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट की खबर सुनकर बेहद दुख हुआ। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि इस घटना में कई अनमोल जानें गई हैं। इस दुःख की घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि सरकार को इस विस्फोट की शीघ्र एवं गहन जाँच सुनिश्चित करनी चाहिए, जो एक उच्च सुरक्षा और अक्सर भीड़-भाड़ वाली जगह पर हुआ है, ताकि इस चूक और घटना के लिए ज़िम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जा सके। गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा, "दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट की ख़बर बेहद दर्दनाक और चिंताजनक है। इस दुखद हादसे में कई निर्दोष लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस दुख की घड़ी में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा हूं और उनको अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं।"

## दिल्ली विस्फोट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एफएसएल के साथ जांच शुरू कर चुकी हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच के आदेश दे दिये गये हैं।

वहीं शाह ने सोमवार देर रात घटनास्थल का दौरा किया और वे मंगलवार सुबह गृह मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में इस पर चर्चा करेंगे।

शाह ने कहा कि घटना किस कारण से हुई अभी यह कहना बड़ा मुश्विकल है। इसकी हर पहलू से जांच करेंगे। घटनास्थल से जो नमूने मिलेंगे जब तक एनएसजी और एफएसएल इसका विश्लेषण नहीं करते इसके बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है। मगर हम हर पहलू से दृढ ता के साथ इसकी जांच करेंगे।उन्होंने कहा कि धमाके का कारण क्या है, हमारी एजेन्सियां जल्दी ही जांच के बाद नतीजे पर पहुंचेंगी। प्रधानमंत्री जी का भी फोन आया था और मैंने उन्हें भी घटना से अवगत कराया है।

शाह ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल का दौरा कर वहां का मुआयना किया। इससे पहले वह लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल जाकर घायलों से मिले और उनका हाल चाल जाना। उन्होंने अस्पताल के डाक्टरों के साथ बातचीत कर घायलों के उपचार के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने डाक्टरों और पुलिस अधिकारियों के साथ अस्पताल में एक बैठक भी की।

## दो कश्मीरी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पता चला कि पोस्टर अदील अहमद राथर ने लगाए थे।

उसे ट्रैक कर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि राथर पिछले वर्ष अक्टूबर तक अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत था। उसके लॉकर की तलाशी में एक असॉल्ट राइफल मिली। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मुजम्मिल शकील तक पहुंच बनाई और फिर फरीदाबाद से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया।

# त्रिशूल अभ्यास में तीनों सेनाओं ने शानदार तालमेल का प्रदर्शन किया

## इस अभ्यास में थलसेना, नौसेना व वायुसेना के 30 हजार अधिकारियों व सैनिकों ने भाग लिया

नयी दिल्ली, 10 नवम्बर। भारत में तीनों सेनाओं के अब तक के सबसे बड़े सैन्य अभ्यास त्रिशूल में सेनाओं के बीच बेजोड़ तालमेल, अंतरसंचालन और साझा शक्ति की क्षमता का नमूना देखने को मिला।

नौसेना ने सोमवार को बताया कि राजस्थान, गुजरात और उत्तरी अरब सागर में हुए इस संयुक्त अभ्यास में सेना, नौसेना और वायु सेना के 30 हजार से ज़्यादा अधिकारियों तथा सैनिकों ने अपने जौहर दिखाए। अभ्यास में वायु सेना के 40 से ज़्यादा विमानों और सहायक ग्राउंड सिस्टम, और तीनों सेवाओं के स्वदेशी हथियारों तथा प्लेटफॉर्म ने हिस्सा लिया। इसके अलावा तटरक्षक बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य केंद्रीय एजेंसियों की भागीदारी ने अंतर-एजेंसी समन्वय को और मज़बूत किया।

अभ्यास के दौरान सेना ने रण और

■ तीनों सेनाओं के साथ तटरक्षक बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य केन्द्रीय एजेन्सियों की भागीदारी ने एकजुटता, आत्म निर्भरता नवाचार का उदाहरण प्रस्तुत किया।

क्रीक सेक्टर में अभ्यास ब्रह्मशिरा भी किया जिसमें तीनों सेवाओं, भारतीय तटरक्षक बल और सीमा सुरक्षा बल को नागरिक प्रशासन के साथ सहज समन्वय में एक साथ लाकर जमीन, समुद्र और हवा में एकीकृत क्षमताओं को प्रमाणित किया गया।

अभ्यास में सेना की एक दशक लंबी परिवर्तन की यात्रा की झलक देखने को मिली जिसमें अत्याधुनिक संयुक्त नियंत्रण केंद्र और बहु-डोमेन संचालन के लिए जरूरी मजबूत संचालन बुनियादी ढ ांचा शामिल था। इसमें नई संरचनाओं, उन्नत प्रौद्योगिकियों और बदलती परिस्थितियों में युद्ध क्षमताओं का भी प्रदर्शन किया गया।

## सुप्रीम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मानक और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है।

# सीतारमण ने अर्थशास्त्रियों और कृषि संगठनों के साथ परामर्श किया

## वर्ष 2026-27 के बजट की तैयारियों के संदर्भ में केन्द्रीय वित्त मंत्री विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रही हैं

नयी दिल्ली, 10 नवंबर। वित्त एवं कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों की तैयारियों सिलसिले में सोमवार को प्रमुख अर्थशास्त्रियों और किसान संघों तथा कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ दो अलग अलग बैठकें की।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इन बैठकों की जानकारी देते हुए कहा, अर्थशास्त्रियों के साथ हुई पहली बैठक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के सचिव, सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और आर्थिक विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक में कृषि मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।(सीतारमण अगले वित्त वर्ष का बजट अगले साल पहली फरवरी को पेश कर सकती हैं। हर केंद्रीय वित्त मंत्री हर बजट की तैयारी से पहले अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करते हैं।

■ इस बार बजट की तैयारी ऐसे माहौल में हो रही है जो भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। अमेरिका ने भारत के निर्यात पर भारी टैरिफ लगा रखा है।

अगले बजट की तैयारी ऐसे समय हो रही है जबकि दुनिया भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से घिरी है और अमेरिका ने अगस्त से भारत के मामले में 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा रखा है।

इस बीच घरेलू अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता और निवेश मांग बढ़ ाने वाले एक ऐतिहासिक कदम के रूप में सितंबर में सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर परिषद (जीएसटी परिषद) ने जीएसटी में बड़े सुधार का निर्णय लिया जिससे 22 सितंबर में जीएसटी में अब मुख्यतः पांच और 12 प्रतिशत की दो प्रमुख दरें रह गयी हैं और 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर कर भार कम हो गया है। अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था 6.3-6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ ेगी। अगले बजट में वित्त मंत्री के समक्ष राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर बने रहते हुए आर्थिक वृद्धि की दर को उच्च स्तर पर बनाये रखना है।

## दिल्ली ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रिकॉर्डिंग का सावधानीपूर्वक विश्लेषण कर रहे हैं और विस्फोट के समय आसपास के क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल फोन का डंप डेटा एकत्र किया है। अधिकारी प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज कर रहे हैं।

## पुलिस ने बिहार जा रहा शराब का ट्रक पकड़ा

कोडरमा, 10 नवम्बर। झारखंड के कोडरमा जिले के मेघातरी चेक पोस्ट पर सोमवार सुबह पुलिस ने शराब से लदे एक ट्रक को जब्त किया।

कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह

■ इस शराब को बिहार चुनाव के दूसरे चरण से पहले खपाने की तैयारी थी।

कर्रवाई हुई है।

सिंह को सूचना मिली थी कि कोडरमा की ओर से शराब से भरा ट्रक (बीआर 56 जी 4297) बिहार जा रहा है, जिसे बिहार चुनाव में खपाने की तैयारी थी। इसके बाद कोडरमा एसपी के द्वारा गठित टीम ने मेघातरी चेक पोस्ट पर चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान उक्त वाहन को देखा गया, ट्रक की जांच हुई तो ट्रक में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब पाई गई।

उक्त वाहन को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में लेकर कोडरमा थाना लाया गया। एसपी सिंह ने बताया कि यह कर्रवाई बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए हुई है।

## राजस्थान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा है कि कमांड सेंटर के सीसीटीवी कैमरों की निगरानी पूरी तरह से की जाए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाया जा सके। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीमों को भी किसी भी तरह की भ्रामक या गलत सूचना का तुरंत खंडन करने के लिए अलर्ट किया जाए। उन्होंने समस्त रेंज आईजीपी एवं पुलिस आयुक्त को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया है।

## खड़गे और राहुल से गठबंधन पर बात करेंगे उद्धव

मुंबई, 10 नवंबर। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव में गठबंधन के लिए कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बातचीत कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, उद्धव ठाकरे आगामी दो दिसंबर से शुरू होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (एमवीए) और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के बीच गठबंधन की बात कर सकते हैं। इस बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने सोमवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि उनकी पार्टी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। हालांकि यह भी कहा कि अगर समान विचारधारा वाली पार्टियों की ओर से कोई प्रस्ताव आता है, तो उस पर विचार किया जायेगा।

## 'रुस परमाणु परीक्षण प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं करेगा'

मास्को, 10 नवंबर। रूस ने हाल ही में ब्यूरवेस्टनिक मिसाइल और पोसाइडन ड्रोन के परीक्षणों पर चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि इनमें परमाणु विस्फोट जैसी कोई बात नहीं थी।

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि रूस का परमाणु परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन करने का कोई इरादा नहीं है। हमें अपने दायित्वों का पता है, लेकिन अगर अन्य देश ऐसा करते हैं तो वह परीक्षण फिर से शुरू कर देगा। पेस्कोव पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा पेंटागन को परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने के लिए तैयार रहने के निर्देश देने के बाद उठे विवाद पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। ट्रंप ने रूस और चीन पर "गुप्त" परमाणु परीक्षण करने का आरोप लगाया था, जिसे दोनों देशों ने खारिज कर दिया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बाद में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि के प्रति रूस की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, लेकिन चेतावनी दी कि अगर अमेरिका या अन्य देश परीक्षण फिर से शुरू करते हैं, तो रूस "उचित जवाबी कार्रवाई" करेगा। कुछ पश्चिमी मीडिया ने उनकी टिप्पणी को परीक्षणों की तैयारी के आदेश के रूप में गलत समझा। पेस्कोव ने रविवार को पत्रकार पावेल ज़ारुबिन के साथ प्रसारित एक साक्षात्कार में कहा, "पुतिन ने बार-बार कहा है कि रूस अपने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध दायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध है और हमारा उनका उल्लंघन करने का कोई इरादा नहीं है।"

■ रुस के प्रवक्ता ने कहा कि यदि किसी अन्य देश ने परीक्षण किया तो रुस भी परीक्षण करेगा।

## बी.बी.सी. के सी.ई.ओ. व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बीबीसी के "पैनोरमा" कार्यक्रम के लिए संपादित किया गया था। ट्रंप के भाषण के दो हिस्से इस तरह संपादित गए कि ऐसा लगा जैसे वह भीड़ को हिंसा के लिए उकसा रहे हों।

ट्रंप ने बाद में आरोप लगाया कि उन्होंने तो इसके विपरीत, घिरे हुए कैपिटल हिल में मौजूद बहादुर वीरों की प्रशंसा की थी। इस घटना के बाद से ही ट्रंप बीबीसी को "फेक न्यूज़" फैलाने वाला संगठन कहने लगे। यहाँ तक कि वाइट हाउस के प्रवक्ता ने भी ऐसी टिप्पणी की।

पूरा हंगामा तब सामने आया जब बीबीसी के पूर्व सलाहकार माइकल प्रेस्कॉट का एक आंतरिक ज्ञापन मीडिया में लीक हुआ। यह दस्तावेज ब्रिटेन के अख़बार "द टेलीग्राफ" में प्रकाशित हुआ, जिसके बाद बीबीसी में तूफान मच गया। बीबीसी के महानिदेशक और समाचार प्रमुख, दोनों ने ज़िम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया।

माना जा रहा है कि यह विवाद शायद जल्द ही थम जाता, अगर यह ट्रंप के वाइट हाउस से नहीं उठा होता।

सच्चाई यह थी कि पैनोरमा कार्यक्रम का प्रसारण बी.बी.सी. की आंतरिक टीम ने नहीं, बल्कि एक बाहरी टीम ने तैयार किया था। लेकिन इससे संस्था की निष्पक्ष और सच्ची रिपोर्टिंग की ज़िम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती। बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने स्वीकार किया कि यह संगठन की गलती थी।

■ इस रिपोर्ट पर कोई कार्यवाही नहीं हुई थी अभी तक, अतः दोनों मुख्य अधिकारियों ने इस प्रकरण में अपनी जिम्मेदारी मानते हुए इस्तीफा दे दिया।

साथ ही, एक इतने बड़े समाचार संगठन में, जो हर दिन दुनिया भर के विषयों पर कार्यक्रम प्रसारित करता है, कभी-कभी निर्णय में कुछ गलतियाँ हो सकती हैं। लेकिन इस गलती का फायदा उठाते हुए ब्रिटेन के दक्षिणपंथी मीडिया, और उससे भी आगे अमेरिका के अतिदक्षिणपंथी मीडिया संस्थानों ने बी.बी.सी. पर "पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग" का आरोप लगाना शुरू कर दिया।

इस विवाद के संदर्भ में, दक्षिणपंथी समूहों ने बी.बी.सी. के समाचारों और कार्यक्रमों पर अन्य आरोप भी लगाए और कहा कि संस्था इज़रायल के खिलाफ पक्षपातपूर्ण रूख रखती है और गाज़ा युद्ध की रिपोर्टिंग में पक्षपाती रही है। कई लोगों ने बी.बी.सी. पर "यहूदी विरोधी" रुख अपनाने के आरोप भी लगाए।

तथापि, बीबीसी के चेयरमैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इन आरोपों का कड़ा खंडन किया है। उनका कहना है कि संस्था में कोई संस्थागत पूर्वाग्रह नहीं है और उसने हमेशा अपने दर्शकों को निष्पक्ष खबरें देने की कोशिश की है। तथापि, संस्था के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह ज़रूर स्वीकार किया कि "पैनोरमा" प्रसारण के बाद कार्यवाही की जानी चाहिए थी, जो नहीं की गई।

तथापि, पूरी घटना यह दर्शाती है कि बी.बी.सी. ने हर बार अमेरिका की नाराज़गी के आगे झुकने की प्रवृत्ति दिखाई है।

ट्रंप प्रशासन की ओर से बी.बी.सी. पर, उसकी निष्पक्षता और भरोसेमंद समाचारों का स्रोत होने पर लगाए गए गंभीर आरोपों के खिलाफ संस्था ने अपने बचाव में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जिस तरह यह मामला संभाला गया और जिस तीव्रता से संस्था पर हमले हुए उससे यह आभास होता है कि बी.बी.सी. ने वाइट हाउस में बैठे, अस्थिर स्वभाव वाले अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके समर्थकों को शांत करने का प्रयास किया है।

## चाँदी के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बदमाश बाइक पर ही तिजोरी रख कर फरार हो गए। वहीं तीसरा आरोपी मौके से पैदल फरार हो गया।

# तिरुपति मंदिर को नकली घी बेचने वाला दिल्ली का व्यापारी गिरफ्तार

## पाम ऑयल से नकली घी बनाने के कैमिकल्स यह व्यापारी सप्लाई करता था

नई दिल्ली, 10 नवंबर। तिरुपति के प्रसिद्ध लड्डुओं में मिलावट का बड़ा खुलासा हुआ है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने दिल्ली के केमिकल व्यापारी अजय कुमार सुगंधा को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि वह कई सालों से भोलेबाबा डेयरी के निदेशकों, पोमिल जैन और विपिन जैन के साथ मिलकर नकली घी बनाने के लिए केमिकल सप्लाई कर रहा था। यह नकली घी तिरुपति के लड्डुओं में इस्तेमाल होता था।

एसआईटी के अधिकारियों ने बताया कि अजय कुमार करीब 7 साल से भोलेबाबा डेयरी को मोनो-ग्लिसराइड्स, एसिटिक एसिड और एस्टर जैसे केमिकल दे रहा था। ये केमिकल पाम ऑयल को असली घी जैसा दिखाने के लिए इस्तेमाल होते थे। पाम ऑयल एक वनस्पति तेल है, जो ताड़ के फल से बनता है। इन केमिकल्स को मिलाकर पाम ऑयल को इस तरह तैयार किया जाता था कि वह असली डेयरी घी जैसा दिखे। ये केमिकल दक्षिण कोरिया से इंपोर्ट किए जाते थे और दिल्ली के एक नेटवर्क के जरिए बांटे जाते थे। अजय कुमार अपनी कंपनी के नाम पर ये केमिकल खरीदकर डेयरी की प्रोडक्शन यूनिट्स तक पहुंचाता था।

■ जांचकर्ताओं ने व्यापारी के वित्तीय रिकॉर्ड व पत्राचार को जब्त किया, जिनसे उसका कैमिकल्स सप्लाई करना साबित होता है।

जांचकर्ताओं का कहना है कि पाम ऑयल में इन केमिकल्स को मिलाकर नकली घी बनाया जाता था। इस नकली घी को वैष्णवी और एआर डेयरी जैसे ब्रांड नामों से बेचा जाता था। फिर इस नकली घी को तिरुपति के पवित्र लड्डुओं में इस्तेमाल किया जाता था।

एसआईटी की जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि तिरुपति के लड्डुओं में इस्तेमाल होने वाले घी में पाम ऑयल और केमिकल एडिटिव्स मिले हुए थे। फोरेंसिक टीमों की लैब जांच में भी यही बात सामने आई है। लैब जांच में पता चला है कि असली डेयरी घी में ऐसे सिंथेटिक कंपाउंड्स नहीं होते। यह मामला कई राज्यों में फैले सप्लाई चेन फ्रॉड की ओर इशारा करता है। अजय कुमार को तीन दिन पहले दिल्ली से पकड़ा गया था। इसके बाद उसे पूछताछ के लिए तिरुपति स्थित एसआईटी ऑफिस लाया गया। जांचकर्ताओं ने उसके वित्तीय रिकॉर्ड और पत्राचार को जब्त किया है। ये रिकॉर्ड उसे केमिकल सप्लाई से जोड़ने का दावा करते हैं। एसआईटी इस मिलावट रैकेट में शामिल अन्य सप्लायर्स और फाइनेंसरों का पता लगाने में जुटी है। सप्लायर्स वे लोग होते हैं जो सामान पहुंचाते हैं, और फाइनेंसर वे होते हैं जो इस धंधे के लिए पैसा लगाते हैं। इस मामले ने भारत के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक में गुणवत्ता नियंत्रण और धार्मिक खाद्य पदार्थों की पवित्रता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908